दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
द्वितिय नवरात्रि : ब्रह्मचारिणी माता
नई दिल्ली।। बुधवार 10 अप्रैल – 2024 | वर्ष : 8 अंक : 180 पेज – 08 | RNI NO. DELHIN/2015/65364 | मूल्य : ₹3













## अरविंद केजरीवाल अभी जेल में ही रहेंगे, नसीहत देकर खारिज कर दी हाई कोर्ट ने अर्जी



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाई कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की याचिका खारिज हो गई है। अदालत में जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने अपना फैसला सुनाया है।जज ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि ये अर्जी जमानत के लिए नहीं है बल्कि अपनी केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने के लिए याचिका लगाई थी। अदालत ने कहा है कि ईडी ने जो सबूत जुटाए हैं उससे पता चल रहा है कि अरविंद केजरीवाल इस मामले में शामिल रहे हैं। अदालत ने कहा है कि सबूतों से पता चल रहा है कि रिश्वत कांड में केजरीवाल की सक्रिय भूमिका रही है। उन्हें रिश्वत लेने के बारे में पता था। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सरकारी गवाहों पर संदेह व्यक्त किया था। इस पर अदालत ने कहा है कि मजिस्ट्रेट के सामने सरकारी गवाहों के बयान बयान दर्ज किए गए थे इसलिए उनके बयान की अहमियत है। अदालत ने आगे कहा है कि कानून सबके लिए बराबर है। कोर्ट किसी सीएम के लिए अलग से कानून नहीं बनाया जा सकता है। हाई कोर्ट ने कहा कि अप्रूवर पर कानून 100 साल पुराना है। जांच के दौरान ईडी घर जा सकता है। अदालत ने कहा कि जांच के लिए ईडी घर जा सकती है। अदालत ने कहा की अप्रूवल का बयान ईडी नहीं कोर्ट लिखता है। जांच किसी की सुविधा के मुताबिक नहीं हो सकती है। दस्तावेज के मुताबिक, केजरीवाल साजिश में शामिल रही है। गवाहों पर शक करना कोर्ट पर शक करना है। सरकारी गवाब बनना कोर्ट तय करता है। सरकारी गवाह के बयान दर्ज करने के तरीके पर संदेह करना अदालत और न्यायाधीश पर आक्षेप लगाना होगा। वर्तमान मामले में कई बयानों के बीच राघव मगुंटा और सरथ रेड्डी के बयान अनुमोदक के बयान हैं जो धनशोधन अधिनियम के अलावा सीआरपीसी की धारा 164 के तहत भ्जी दर्ज किए गए थे।

## गाजियाबाद को मिल सकता है अखिलेश, राहुल और प्रियंका का रोड शो

### जनसभा के लिए भी भेजी गई है डिमांड

गाजियाबाद, करंट क्राइम । लोकसभा चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, तो अब अलग-अलग प्रत्याशियों को रोड शो और चुनावी सभाओं की तैयारी में जुटने का दौर शुरू होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते दिनों गाजियाबाद में रोड शो करके विपक्ष के नेताओं के लिए मानो चैलेंजे खड़ा कर दिया हो। गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में गाजियाबाद लोकसभा सीट से डॉली शर्मा चुनाव मैदान में हैं। समाजवादी पार्टी के सूत्रों से जानकारी मिली है कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए गाजियाबाद सीट पर पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का समय मांगा जा रहा है। तो वहीं गठबंधन की वजह से राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी गाजियाबाद में किसी चुनावी रोड शो में शामिल करने के लिए प्रयास हो रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि अगले सप्ताह राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव का एक संयुक्त कार्यक्रम गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए बन सकता है। जिसमें रोड शो या जनसभा को चुना जा सकता है।



### भेजी गई है तीन डेट और हो रहा है फाइनल होने का वेट

करंट क्राइम । समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के सूत्रों से जो जानकारी मिली है उसके अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को कार्यक्रम के लिए यहां तीन डेट भेजी गई हैं। इसके साथ ही प्रियंका गांधी और राहुल गांधी से भी गाजियाबाद लोकसभा सीट के लिए रोड शो या जनसभा कार्यक्रम की डिमांड की गई है। अब देखना यह होगा की डॉली शर्मा का प्रचार करने के लिए राहुल और अखिलेश की जोड़ी आती है या अखिलेश और प्रियंका मंच से कोई अलग संदेश देने का काम करते हैं।

### लोकल संगठन को करना है फाइनल चाहिए रोड शो या जनसभा

करंट क्राइम। संगठन प्रत्याशी डॉली शर्मा के लिए सपा और कांग्रेस के प्रमुख चेहरे रोड शो करेंगे या जनसभा यह तय करने का कार्यक्रम लोकल संगठन का रहेगा। लोकल संगठन सहयोगी दलों के पदाधिकारियों से वार्ता कर आगामी दो से तीन दिन में यह है फाइनल कर लेंगे, कि शीर्ष नेताओं का गाजियाबाद में रोड शो होना है या कोई बड़ी जनसभा इसके बाद ही उनकी अंतिम तिथि पर मुहर लगेगी।

## वोटों के ठेकेदार हैं इस बार चुनावी बाजार से गायब




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चुनाव आता है तो अपने साथ कई रौनक लाता है, चुनावी मौसम में कई बाजार गुलजार हो जाते हैं। एक चुनाव कई को रोजगार देता है, कई को कारोबार देता है। टैंट वाले से लेकर भोजन वाले को काम मिलता है। प्रचार सामग्री से लेकर स्टेशनरी वाले को काम मिलता है। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के पास वोट की गारंटी लेकर वोटों के ठेकेदार भी आते हैं। ये ठेकेदार किसी बिरादरी के प्रधान भी हो सकते हैं, किसी संस्था के महासचिव भी हो सकते हैं। ये यकीन दिलाते हैं कि उनकी झोली में इतने वोट हैं और इन वोटों के बदले वो नोटों के लिए उम्मीदवार के सामने झोली फैला देते हैं। लेकिन बदलते मौसम के साथ इस चुनाव का नक्शा ही बदल गया है। ये ट्रेंड अब लुप्त प्रायः हो रहा है। अब उम्मीदवार को बिरादरी के इन वोट ठेकेदारों से कोई उम्मीद नहीं है। ना वो इनके वोट लेना चाहते हैं और ना ही इन्हें नोट देना चाहते हैं। वजह भी काफी रोचक है और वो ये है कि एक पक्ष को पक्का यकीन है कि वो चुनाव जीत रहा है और एक पक्ष को पक्का यकीन है कि चुनाव में वो नहीं जीत रहा है। अब नए ट्रेंड में चुनावी सीजन के इन फ्रेंड की कोई डिमांड नहीं है। चुनाव शुरू हो चुका है और पर्चा भी भरा जा चुका है, खर्चा भी हो रहा है लेकिन इन वोटों के ठेकेदारों की कोई चर्चा नहीं हो रही है। कोई ऐसी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हो रही जिसमें फलाना समाज कह रहा हो कि हमने फलाने उम्मीदवार को समर्थन दे दिया है।

**चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के पास वोट की गारंटी लेकर वोटों के ठेकेदार भी आते हैं।**

चुनावी मैदान में सभा है, ज्वाइनिंग है, बड़ी माला है, मंच है लेकिन वोट का ठेका लेने वाले गायब हैं। वोट की गारंटी योजना खुद उम्मीदवारों ने ही फेल कर दी है। वो समझ गए हैं कि खेल ही होता है और कुछ नहीं होता। अब बिरादरी से लेकर संस्था प्रधान भी चुनावी दफ्तरों पर कम ही नजर आ रहे हैं।

## अतुल गर्ग के चुनाव में अब प्रत्येक बूथ के हिसाब से होंगे सम्मेलन

### डिप्टी सीएम से लेकर क्षेत्रीय अध्यक्ष भी रहेंगे अलग-अलग बूथों पर मौजूद

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा अपने चुनावी एजेंडे में बिल्कुल भी ढील नहीं छोड़ रही है। वो आत्म विश्वास से लबरेज है लेकिन अति आत्मविश्वास से बच रही है। उसकी अपनी चुनावी तैयारी लगातार चल रही है। उसने अपने दिग्गजों को चुनावी मैदान में उतारा है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है वैसे वैसे भाजपा अपने चुनावी कार्यक्रम को लेकर आ रही है।



अब लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव में प्रत्येक बूथ के हिसाब से सम्मेलन होंगे और ये सम्मेलन अलग-अलग विधानसभाओं में होंगे। इन सम्मेलन को सम्बोधित करने के लिए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और एमएलसी मोहित बेनीवाल आयेंगे। इसका पूरा प्रोग्राम आ गया है। 12 अप्रैल को हिंदी भवन में पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष तथा एमएलसी मोहित बेनीवाल बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। 13 अप्रैल को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौया गाजियाबाद में लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करने आ सकते हैं। 14 अप्रैल को भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा कैबीनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह साहिबाबाद विधानसभा में आयोजित बूथ सम्मेलन को सम्बोधित करने आ रहे हैं।

### आ सकते हैं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और नितिन गडकरी भी प्रचार में



करंट क्राइम। जिस गढ़ में भाजपा 8 लाख वोटों से चुनाव जीतने का दावा कर ही है उस गढ़ में वो अपनी चुनावी तैयारी का लेकर पूरी तरह सजग है। यहां प्रधानमंत्री का रोड शो हुआ है। यहां मुख्यमंत्री की जनसभाएं हो रही हैं और अब चर्चा ये है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी गाजियाबाद में चुनाव प्रचार के लिए आ सकते हैं।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आयेंगे धौलाना में जनसभा को सम्बोधित करने



करंट क्राइम। भाजपा अपने गढ़ में भी अपनी तैयारियों को लेकर कोई ढील नहीं बरत रही है। 6 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी गाजियाबाद आये। बताते हैं कि अभी और जनसभाएं होंगी जिनमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी आयेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गाजियाबाद में दो कार्यक्रम लगने हैं। बताया जाता है कि इनमें से एक जनसभा भी धौलाना में आयोजित होनी है। ठाकुरों के गढ़ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा का आयोजन होगा।

## चुनावी सीजन में बिना सुरक्षा के घूम रहे हैं दो विधायक!



### डिप्टी सीएम से लेकर लखनऊ तक पहुंच चुका है सुरक्षा का मामला

गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में वैसे तो चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों को सुरक्षा प्रदान की जा रही है लेकिन लोकसभा क्षेत्र गाजियाबाद की दो विधानसभाओं के विधायक ऐसे हैं जो आजकल बिना सुरक्षा के ही घूम रहे हैं। हालांकि यह सुरक्षा के लिहाज से एक गंभीर फैसला है लेकिन इसके अंदर की चर्चाएं कुछ और ही इशारा कर रही हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर विधानसभा से विधायक अजीत पाल त्यागी के पास कोई भी सरकारी सुरक्षाकर्मी नहीं है। बीते दिनों चुनाव आयोग की दिशा-निर्देश का हवाला देते हुए कमिश्नरेट के आलाधिकारियों ने उनके सुरक्षाकर्मियों को हटा दिया था। जिससे नाराज होते हुए इन्होंने एक-एक पुलिसकर्मी जो शेष था, उनको भी वापस लौटाने का फैसला लिया था। वैसे सुरक्षा के लिहाज से इसे गंभीर विषय कहा जाएगा लेकिन अभी इस पर कोई फैसला नहीं हो सका है। वहीं दोनों ही विधायक रोजाना चुनावी मैदान में अलग-अलग कार्यक्रमों में पार्टी के लिए प्रचार व संपर्क भी कर रहे हैं। फिलहाल दोनों को सरकारी सुरक्षा की बजाय प्राइवेट सुरक्षा से काम चलाना पड़ रहा है।



**जानकारी के अनुसार वर्तमान में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर विधानसभा से विधायक अजीत पाल त्यागी के पास कोई भी सरकारी सुरक्षाकर्मी नहीं है।**



### डिप्टी सीएम और बड़े मंच पर उठ चुका है यह मुद्दा

करंट क्राइम। गाजियाबाद में लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर और मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी के बिना सुरक्षाकर्मियों के होने का मामला डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की प्रेसवार्ता और एक बड़े मंच पर अधिकारियों के सामने उठ चुका है लेकिन अभी इस पर फैसला नहीं आया है। मिली जानकारी के अनुसार एक समय अजीत पाल त्यागी के पास 6 सुरक्षाकर्मी थे, उन्हें घटाकर पांच किया गया और फिर हटाकर उनके एक सुरक्षाकर्मी छोड़ा गया था, जिसे उन्होंने वापस कर दिया। इसी प्रकार लोनी विधायक नंद किशोर गुर्जर के पास भी कई सुरक्षाकर्मी थे, उन्होंने भी सुरक्षाकर्मी हटाने के बाद अन्य सुरक्षा लौटा दी है। जिसके चलते प्रदेश सरकार में सत्ताधारी दल के दोनों ही विधायक आजकल बिना सुरक्षा के चुनावी समर में नजर आ रहे हैं।

## क्रिटिकल मतदेय स्थल की पड़ताल कर रही है पुलिस

### कहीं एसीपी तो कहीं एसएचओ जांच रहे है व्यवस्था

### गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में हैं कुल 439 क्रिटिकल मतदेय स्थल

गाजियाबाद, करंट क्राइम । आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस ने एक्सरसाइज शुरू कर दी है। इस कड़ी में आजकल देहात से लेकर सिटी और सिटी से लेकर नदियापार तक एसीपी स्तर के अधिकारियों से लेकर एसएचओ तक अपने-अपने थानाक्षेत्र के क्रिटिकल मतदेय स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। वहां का नक्शा उपलब्ध कराने के साथ ही वह अन्य समीकरण की भी जांच पड़ताल कर रहे हैं। दरअसल गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र में कुल 439 क्रिटिकल मतदेय स्थल हैं। जिसमें सर्वाधिक साहिबाबाद विधानसभा-55 में 109, लोनी में 95, मोदीनगर में 92, गाजियाबाद सिटी में 72 और मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में 71 क्रिटिकल मतदेय केंद्र हैं। जहां की सुरक्षा व्यवस्था और अन्य जिम्मेदारियां को पुलिस को फुलप्रूफ बनाना है।

### क्रिटिकल मतदेय स्थल पर रहेगी अतिरिक्त फोर्स



करंट क्राइम। पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों ने शांतिपूर्वक मतदान करने के लिए ड्यूटी चार्ट बनाना शुरू कर दिया है। इसी के साथ जानकारी है कि क्रिटिकल मतदेय स्थल पर अर्धसैनिक बलों की तैनाती भी सामान्य बूथ की तुलना में अधिक की जाएगी। वहीं लोकल पुलिस फोर्स को भी इसमें शामिल रखा जाएगा ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके।

### मतदान केद्रों की सुरक्षा भी है चैलेंज

करंट क्राइम । पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में लोनी के अंतर्गत 146, मुरादनगर के अंदर 153, साहिबाबाद के अंदर 263, गाजियाबाद शहर 119, मोदीनगर 122 और धौलाना आंशिक में 38 यानी कुल मिलाकर 841 मतदान केंद्र हैं। जहां की सुरक्षा को फुलप्रूफ बनाना और यहां शांतिपूर्वक मतदान संपन्न कराना पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है।

10 APR -24 page 2 4/9/2024 10:04 PM Page 1





# फर्जी लाइसेंस बनाने वाले गिरोह का क्राइम ब्रांच ने किया पर्दाफाश

## आरोपी से पिस्टल, रिवाल्वर और राइफल बरामद

## सेना में सूबेदार था आरोपी प्रमेंद्र तेवतिया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** चुनावी सीजन में क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है जो सेना का पूर्व कर्मचारी है और उसके पास से पुलिस ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस के साथ ही .32 बोर की पिस्टल, रिवाल्वर, राइफल, डबल बैरल बंदूक, आर्मी का फर्जी पहचान पत्र व जम्मू कश्मीर के जनपद किश्तवाडा कुपवाडा के साथ लाइसेंस कार्यालय एवं जिला मजिस्ट्रेट की फर्जी रबर स्टांप बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी बुलंदशहर निवासी वर्तमान पता गौतमबुद्धनगर चिपियाना बुजुर्ग प्रमेंद्र तेवतिया को गिरफ्तार किया है।

पुलिस को आशंका है कि इसके द्वारा अब तक 35 से 40 लोगों के फर्जी दस्तावेज और सांठगांठ कर शस्त्र लाइसेंस बनवाए गए हैं।

इसमें जम्मू जैसे संवेदनशील इलाके में अपनी घुसपैठ होने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी से कुल आठ अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। साथ ही पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच खुफिया विभाग और पुलिस के अधिकारी करने का दावा कर रहे हैं। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद का कहना है कि अभी प्रमेंद्र तेवतिया से पूछताछ की जा रही है। इसकी आगे की जांच में कई और चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।




### जम्मू कश्मीर में फर्जी ढंग से बनवाते थे लाइसेंस और करवाते थे हथियारों का रिन्यूवल

इस मामले में पुलिस ने आरोपी बुलंदशहर निवासी वर्तमान पता गौतमबुद्धनगर चिपियाना बुजुर्ग प्रमेंद्र तेवतिया को गिरफ्तार किया है।



### मेरठ, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर में होगी जांच

करंट क्राइम। क्राइम ब्रांच के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले में प्रमेंद्र तेवतिया ने मेरठ, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर के कई ऐसे गन हाउस हैं, जहां से फर्जी शस्त्र लाइसेंसों के माध्यम पर लाइसेंसी हथियार लिए और अन्य लोगों को भी यह सुविधा उपलब्ध कराई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जिसमें खुलासा हुआ है कि पिछले 5 सालों के दौरान इसने कई लोगों को फर्जी तरीके से लाइसेंसी हथियार और असलाहों के लाइसेंस बनवाए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में अमित मुतरेजा और कृष्णा सोनी इसके सहयोगी के रूप में काम करते थे। वर्तमान में अमित जेल में बंद बताया जा रहा है।

### जांच के बाद अभी खुलेंगे कई और राज

करंट क्राइम। इस पूरे मामले में गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट क्राइम ब्रांच के अधिकारियों का कहना है कि अवैध शस्त्र लाइसेंस और लाइसेंस की जांच के बाद इसमें कई और लोगों के नाम शामिल हो सकते हैं। साथ ही जिन लोगों के पास से यह फर्जी शस्त्र लाइसेंस के आधार पर हथियार मिले हैं, उनसे भी पूछताछ की जाएगी कि उनकी क्या संलिप्तता थी। जांच के बाद इस पूरे मामले में कई और खुलासे व राज खुल सकते हैं।

### 80 हजार में पिस्टल और 90 हजार में राइफल का बनवाता था लाइसेंस

करंट क्राइम। क्राइम ब्रांच के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि गिरफ्तार प्रमेंद्र सेना में सूबेदार रह चुका है। हिमाचल प्रदेश में भी नौकरी कर चुका है और जम्मू में अपना कई लोगों से किश्तवाडा और कुपवाड़ा में सेटिंग का दावा करता है। पुलिस ने इसके पास से .32 बोर की चार पिस्टल, एक रिवाल्वर, एक राइफल डबल बैरल, बंदूक, फर्जी शस्त्र लाइसेंस, आर्मी का फर्जी पहचान पत्र, फर्जी लाइसेंस की छाया प्रति, अलग-अलग नाम की मोहर और जम्मू कश्मीर के जनपद के इस्तेमाल और कुपवाड़ा के शस्त्र लाइसेंस कार्यालय एवं जिला मजिस्ट्रेट की फर्जी रबर स्टैंप 6 बरामद की हैं। पुलिस का कहना है कि यह कई सालों से इस तरीके से फर्जी दस्तावेजों और 2020 के बने ऑनलाइन फर्जी लाइसेंस के माध्यम से शस्त्र भी ले चुका है। जानकारी के अनुसार पिस्टल का लाइसेंस बनवाने के लिए 80 हजार और राइफल के लिए 90 हजार रुपए मिलते थे। साथ ही यह मोटी कीमत लेकर लोगों को लाइसेंसी हथियार भी उपलब्ध कराया करता था।

## पीलीभीत में पीएम मोदी की चुनावी सभा में नहीं आए सांसद वरुण गांधी

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पीलीभीत में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने तुष्टीकरण की राजनीति को लेकर सपा और कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने तराई की सियासी जमीन से सिख मतदाताओं को भी साधने का प्रयास किया। पीलीभीत में पीएम मोदी ने पहली बार चुनावी सभा की, लेकिन जिले के सांसद वरुण गांधी नहीं आए। और न ही किसी की जुबान पर उनका जिक्र आया। भाजपा के पोस्टर-बैनर से भी वरुण गांधी गायब रहे।



प्रधानमंत्री मोदी की चुनावी रैली के मंच पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्यमंत्री संजय गंगवार, बरेली के सांसद संतोष गंगवार, प्रत्याशी छत्रपाल सिंह गंगवार और पीलीभीत के प्रत्याशी जितिन प्रसाद मौजूद रहे। बता दें कि पीलीभीत से भाजपा ने वरुण गांधी की जगह जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है।

जितिन प्रसाद शाहजहांपुर के रहने वाले हैं और यूपी सरकार में लोक निर्माण विभाग के मंत्री हैं। पीलीभीत की जनता के नाम लिखा था पत्र मेनका गांधी और वरुण गांधी की कर्मस्थली रही पीलीभीत में 35 वर्ष में यह पहला मौका है, जब इन दोनों में कोई भी मैदान में नहीं है। भाजपा ने वरुण गांधी की जगह प्रदेश के लोकनिर्माण मंत्री जितिन प्रसाद पर दांव लगाया है।

हालांकि टिकट कटने के बाद सांसद वरुण गांधी ने अपने लोकसभा क्षेत्र की जनता के लिए भावुक खुला पत्र लिखा था।

इसमें मां का हाथ पकड़े तीन साल के बच्चे की अपनी कहानी से अपना नाता भी पीलीभीत की जनता से मजबूत किया। इसके बाद से यह कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान में वरुण गांधी पीलीभीत आएंगे।

मुख्यमंत्री योगी के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में स्थानीय नेता व जनता को उम्मीद थी कि वरुण गांधी यहां पहुंचेंगे और मंच पर नजर आएंगे। मगर, आखिरकार लोगों को निराशा हाथ लगी।

## न्यूज डायरी

### भाजपा, कांग्रेस, बसपा के अलावा मैदान में 10 अन्य दल, जीत की उम्मीद के साथ मेहनत तेज

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड के रण में 10 अन्य दलों के प्रत्याशी भी दम आजमा रहे हैं। इन दलों के अपने वादे और इरादे हैं। सभी ने जीत की उम्मीद के साथ मैदान में मेहनत तेज कर दी है। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी ने टिहरी में प्रत्याशी उतारा है। भारतीय राष्ट्रीय एकता दल ने टिहरी, हरिद्वार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने टिहरी, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार, अखिल भारतीय परिवार पार्टी ने गढ़वाल, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, सैनिक समाज पार्टी ने गढ़वाल, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) ने गढ़वाल, उत्तराखंड समानता पार्टी ने गढ़वाल हरिद्वार। बहुजन मुक्ति पार्टी ने गढ़वाल व अल्मोड़ा, उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने अल्मोड़ा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। इनमें से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) ने टिहरी, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार पांचों सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं। अभी चुनाव आयोग से इन्हें मान्यता नहीं मिली है, जिस वजह से इनका अपना कोई विशेष चुनाव चिह्न नहीं है। सभी को चुनाव आयोग से जो चिह्न मिला है, उस पर मैदान में किस्मत आजमां रहे हैं। सभी अपने गणित के हिसाब से अपनी जीत के दावे भी कर रहे हैं। वहीं, उत्तराखंड क्रांति दल ने राज्य में तीन लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। टिहरी लोकसभा में यूकेडी ने निर्दलीय प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया है।

### कांग्रेस प्रत्याशी डामोर ने गठबंधन को ठेंगा दिखाकर पार्टी संग किया खेला

**जयपुर।** राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों को लेकर चुनावी घमासान जारी हैं। भाजपा कांग्रेस समेत अन्य पार्टियां जोर-शोर से प्रचार में जुटी हुई हैं। प्रदेश में दो चरणों में चुनाव होना है और इसके लिए नामांकन भी हो चुके हैं। लेकिन, बांसवाड़ा सीट से नाम वापस नहीं लेने पर कांग्रेस ने अपने प्रत्याशी अरविंद डामोर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। पार्टी की ओर से उन्हें 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है, लेकिन वे कांग्रेस के निशान पर ही चुनाव लड़ेंगे। आइए, जानते हैं ऐसा क्या हुआ कि कांग्रेस को चुनाव बीच अपने उम्मीदवार को निष्कासित करना पड़ा? दरअसल, लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद कांग्रेस ने प्रत्याशियों की सूची जारी की तो अरविंद डामोर को बांसवाड़ा लोकसभा सीट से टिकट दिया गया। डामोर ने इस सीट से अपना पर्चा दाखिल कर दिया। डामोर के अलावा भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) के उम्मीदवार राजकुमार रोत ने भी यहां से नामांकन दाखिल किया था। लेकिन, रविवार को कांग्रेस और भारतीय आदिवासी पार्टी में गठबंधन हो गया। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने गठबंधन का एलान किया, लेकिन सोमवार को जब नाम वापस लेने की बारी आई तो अरविंद डामोर ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया।

### एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 42 हजार रुपए

**मोदीनगर करंट क्राइम।** दो युवकों ने एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 42 हजार रुपए निकाल लिए। पैसे निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है। नगर की गोविन्दपुरी स्थित सारा मार्ग निवासी निरंकार त्यागी कॉलोनी में एक एटीएम से पैसे निकालने के लिए गए थे। काफी प्रयास के बाद भी पैसे नहीं निकले तो पीछे खड़े दो युवकों ने मदद करने की बात कही। इसके बाद युवकों ने पैसे निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह भी कामयाब नहीं हुए। जब वह अपने घर पहुंचे तो उनके मोबाइल पर 42500 रुपए कटने का मैसेज आ गया। जब उन्होंने अपना एटीएम कार्ड देखा तो वह बदला हुआ था। एटीएम बूथ में निरंकार त्यागी का एटीएम बदलकर पैसे निकालने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि करंट क्राइम वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। पीड़ित ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## सृजन विहार महिला शक्ति ने भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 धूमधाम से मनाया



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के काला पत्थर स्थित सृजन विहार सहकारी समिति की महिला शक्तियों ने दमयंती देवी के मार्गदर्शन में मंगलवार को भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2081 को बहुत धूम धाम से मनाया।

इस मौके पर सोसाइटी परिसर में भजन, कीर्तन के साथ तिलक चंदन उत्सव कार्यक्रम में लगभग सौ से ज्यादा महिलाओं एवं समाज के अन्य बंधुओं का चंदन लगाकर अभिनंदन किया गया। सोसाइटी की नारी शक्तियों कुसुम रावत, पूनम रावत, शोभा भंडारी, सत्यम, पुष्पा, कौशल्या, निधि के साथ अनुष्का राज और भूमि भंडारी उर्फ बब्बू ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सत्यम राजू ने सभी का आभार प्रकट किया।

## पर्व हों या चुनाव, हर वक्त कठिन परीक्षा को तैयार रहती है यूपी पुलिसः अजय गुप्ता



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नवरात्र, रमजान, और लोकसभा चुनाव की कठिन परीक्षा के लिए तैयार है, हमारा जांबाज पुलिस प्रशासन। बॉर्डर पर जवान हमारी रक्षा के लिए हर वक्त चौकस रहते हैं, इसी तरह देश के प्रत्येक क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन की हर वक्त कड़ी परीक्षा रहती है, जिस पर प्रत्येक नागरिक को नाज है।

यह कहना है उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी अजय गुप्ता का। उन्होंने कहा कि होली हो, दिवाली हो, या कोई भी त्योहार हो इनके लिए सिर्फ ड्यूटी सबसे बड़ा त्योहार है। अपने घर-परिवार को नहीं देखते पुलिसकर्मी, अपने त्योहारों को नहीं देखते। नागरिकों की सुरक्षा के लिए तत्पर तैयार रहने वाल ऐसी प्रशासन की टीम का हम अभिनंदन करते हैं, आखिर यह भी इंसान है, हमें इनका सम्मान करना चाहिए, कभी भी आलोचना नहीं, चाहे ट्रैफिक पुलिस हो, या पुलिस प्रशासन, अभी हाल में मोदीजी के रोड शो में हर अधिकारी ने अपना भरपूर पसीना बहाया, असामाजिक तत्वों पर भी अपनी पेनी नजर बनाए रखी, ताकि कोई परेशानी नागरिकों को ना हो। बधाई की पात्र है क्राइम ब्रांच की संपूर्ण टीम जिसने आज एक ऐसे ग्रुप का पदार्फाश किया जो फर्जी लाइसेंस बनाकर असलहा बेचा करता था, और क्राइम को बढ़ावा देता था। हमें नाज है डीसीपी क्राइम ब्रांच एवं समस्त टीम पर।

## चुनाव में 95 लाख रुपये तक खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी

### सभी खर्चों का भुगतान चेक द्वारा किया जा सकेगा







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अब सभी प्रत्याशी चुनाव संबंधी खर्चों का भुगतान केवल पंजीकृत बैंक खाते यानि कि चेक द्वारा ही कर सकेंगे। लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी को केवल 95 लाख रुपये खर्च करने की अनुमति चुनाव आयोग द्वारा दी गई है। चुनाव सम्बंधी किसी भी मद में नकद धनराशि मात्र 10 हजार तक ही खर्च की जा सकती है।

जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में प्रेक्षकों सौरभ नायक व्यय, टी.अरिवाझगन प्रेक्षक व्यय व प्रेक्षक पुलिस अनिल कुमार की उपस्थिति में लोकसभा प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में चुनाव आयोग की गाइड लाइन से अवगत कराया गया। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षकों ने अवगत कराया कि सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए ही चुनाव प्रचार करें। किसी भी विवाद में ना उलझें। यदि किसी भी प्रकार की शिकायत करनी हो तो शिकायत प्रकोष्ठ में कॉल कर सकते हैं या सीविजिल ऐप पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। बैठक में कई प्रत्याशी, प्रतिनिधि, सभी एडीएम, कोषागार अधिकारी, सभी एसडीएम, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## नवरात्र शुरू होते ही नगर निगम ने मंदिरों में सफाई व्यवस्था को किया सुदृढ़

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्रि पर्व पर नगर निगम द्वारा मंदिरों की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करते हुए शहर के प्राचीन मंदिरों के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में स्थित मंदिरों पर सफाई व्यवस्था बेहतर की जा रही है, । नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर मंदिरों से जुड़े हुए मार्गों पर न केवल नियमित सफाई को बढ़ाया जा रहा है बल्कि चूना आदि का छिड़काव कार्य भी नियमित चल रहा है। इसी क्रम में श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए डस्टबिन की संख्या को बढ़ाया गया है। सभी मंदिरों के बाहर डस्टबिन लगाए गए हैं, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को विशेष मॉनिटरिंग करते हुए प्रतिदिन मंदिरों से वेस्ट उठाने के लिए निर्देशित भी किया गया है।

नगर आयुक्त द्वारा शहर वासियों से जीरो वेस्ट आयोजन के लिए भी अपील की जा रही है। नवरात्रों में जहां घर-घर में पूजा हो रही है







वहीं धार्मिक आयोजन भी बढ़ रहे हैं जिसको देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम ने सफाई व्यवस्था को धार्मिक आयोजनों में भी बेहतर किया हुआ है वहीं नगर आयुक्त द्वारा सभी श्रद्धालुओं तथा शहरवासियों से अपील की है कि वह आयोजनों/ जागरण पूजन भंडारा इत्यादि को जीरो वेस्ट करें ताकि शहर की स्वच्छता में सहयोग हो सके। अपील की गई है कि अधिक से अधिक बर्तन बैंक का इस्तेमाल करने के लिए भी अपील की गई है आयोजनों को पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त करने के लिए भी अपील की गई है।

गाजियाबाद नगर निगम सफाई व्यवस्था को प्रबल करते हुए शहर वासियों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है जो कि सराहनीय है। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था को भी कुशल नेतृत्व में करने के लिए कहा गया है तथा व्यापारियों से भी डस्टबिन का इस्तेमाल करते हुए स्वच्छता में सहयोग के लिए अवगत कराया गया है।

### नगर आयुक्त ने दिये धार्मिक स्थलों पर विशेष मॉनीटरिंग के निर्देश

(करंट क्राइम)। दूधेश्वर नाथ मठ मंदिर, प्राचीन देवी मंदिर व अन्य मंदिरों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ वहां से सृजित होने वाले वेस्ट का निस्तारण करने की कार्यवाही भी निगम तेजी से कर रहा है। साई उपवन स्थित फ्लावर कंपोस्टिंग प्लांट के द्वारा फूलों से खाद बनाने का कार्य चल रहा है, मंदिरों से सृजित होने वाले वेस्ट को प्रतिदिन निगमकर्मी उठा रहे हैं पूजन सामग्री का पृथक्करण भी चल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा स्वास्थ्य विभाग को अभियान के रूप में नवरात्रि के दौरान विशेष सफाई व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं प्रकाश विभाग को प्रकाश व्यवस्था के लिए भी कहा गया है, स्वास्थ्य विभाग की टीम को धार्मिक स्थलों पर विशेष मॉनिटरिंग के लिए भी कहा गया है, प्रतिदिन फॉगिंग का कार्य करने के लिए निर्देश दिए गए।

## क्यों अलग-अलग होने लगे लोकसभा-विधानसभा चुनाव

● इंदिरा ने कैसे दिया 'गरीबी हटाओ' का नारा?

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वक्त से अक्सर एक देश एक चुनाव की चर्चा होती रहती है। इसे लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक कमेटी भी बनाई गई। कमेटी ने बीते महीने अपनी रिपोर्ट भी राष्ट्रपति को सौंप दी। 191 दिनों में तैयार 18,626 पन्नों की इस रिपोर्ट में कहा गया है कि 2029 से देश में पहले चरण लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं।

इसके बाद 100 दिनों के भीतर दूसरे चरण में स्थानीय निकाय के चुनाव कराए जा सकते हैं। जब लोकसभा चुनाव राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ नहीं हुए आज के चुनावी किस्से में बात उस चुनाव की करेंगे जब पहली बार लोकसभा चुनाव अलग से कराया गया। इससे पहले अधिकांश राज्यों के विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही होते थे। बात, 1971 की है। केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। इंदिरा अपनी ही पार्टी से बगावत करके कांग्रेस के दो टुकड़े कर चुकी थीं। चुनाव में 14 महीने का वक्त बचा था। इंदिरा की नई पार्टी कांग्रेस (आर) नए सिरे से बहुमत हासिल करके अपने प्रगतिशील सुधारों को लागू करना चाहती थी। वो सुधार जिन्हें कांग्रेस के ओल्ड गार्ड्स की वजह से इंदिरा अब तक लागू नहीं कर सकी थीं। इसके लिए इंदिरा और उनकी पार्टी ने वक्त से पहले चुनावों में जाने का फैसला लिया।

इसके साथ ही यह तय हो गया कि लोकसभा चुनाव राज्यों के विधानसभा चुनाव के साथ नहीं होंगे। इतिहासकार रामचंद्र गुहा अपनी किताब 'इंडिया आफ्टर नेहरू' में लिखते हैं कि समय से पहले आम चुनाव करवाकर प्रधानमंत्री ने बड़ी चतुराई से अपने आपको विधानसभा चुनावों से अलग कर लिया था। दोनों चुनाव साथ-साथ होने की



स्थिति में जाति और नस्लीयता की भावना राष्ट्रीय मुद्दों को प्रभावित कर देती थी। 1967 के चुनावों में कांग्रेस को इससे बहुत नुकसान हुआ था। खासतौर पर तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे राज्यों में स्थानीय मुद्दों ने बहुत असर डाला था। इस बार इंदिरा ने तय किया कि पहले आम चुनाव करवाकर वो इन दोनों ही मुद्दों को अलग कर देंगी और जनता से राष्ट्रीय मुद्दों के आधार पर सीधा समर्थन मांगेंगी। इंदिरा के खिलाफ बना महागठबंधन वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस के बुजुर्ग नेताओं के धड़े से बनी कांग्रेस (ओ) ने जनसंघ, स्वतंत्र पार्टी, समाजवादी और क्षेत्रीय पार्टियों के साथ मिलकर इंदिरा के खिलाफ एक महागठबंधन बनाया। इस महागठबंधन ने इंदिरा के खिलाफ अभियान चलाया।

इसी दौरान विपक्ष की ओर से इंदिरा हटाओ का नारा गढ़ा गया। इस नारे को इंदिरा की कांग्रेस ने अपने पक्ष में मोड़ लिया। विपक्ष के नारे के जवाब में इंदिरा ने कहा कि वे कहते हैं इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। कांग्रेस का ह्यगरीबी हटाओ का नारा जनता में चल गया। इंदिरा ने 58 हजार किमी से ज्यादा की यात्रा की इस नारे के जरिए कांग्रेस ने खुद को प्रगतिशील बताया जबकि विपक्ष को प्रतिक्रियावादी ताकतों का गठजोड़ बताया गया। चुनाव को व्यक्ति केंद्रित बना देने से विपक्ष को फायदे के बजाय नुकसान ही हुआ।

## बागपत से रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान ने किया कई गांवों का दौरा





**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बागपत लोकसभा से रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मोदीनगर विधानसभा के गढ़ी, गदाना, दतेड़ी, कनकपुर, मुकीमपुर, अतरौली, बलपुर, शामली, महमदपुर, अखाड़ा, बढ़ायला, किन्नापुर, अमराला, शहर सीकरी फाटक, सोनू एन्क्लेव, मन्दिर वार्ड आदि स्थानों का दौरा किया। डॉ. सांगवान ने कहा कि बागपत लोकसभा का प्रत्येक व्यक्ति अपने आप को सांसद समझे, मैं आप सब लोगों के बीच रहूंगा और अपनी निधि का पूरा पैसा क्षेत्र के विकास पर खर्च करूंगा। न्उन्होंने कहा कि आज भोजपुर में होने जा रही राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की सभा को हम सभी मिलकर सफल बनाएंगे। इस अवसर पर डॉ. सांगवान के साथ विधायक मंजू सिवाच, रालोद के प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ अमरजीत सिंह बिड्डी, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, तेजपाल सिंह, मनवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अजयवीर सिंह, रामाश्रय शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख विपिन चौधरी, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, चौधरी सुनील चरोरा, शाहिद प्रधान, सतीश राठी, मोदी प्रधान, दीपक राठी, सुशील तेवतिया, आदि इस अवसर पर मौजूद रहे।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









## डॉली शर्मा के चुनाव में सपा के पूर्व और वर्तमान अध्यक्षों का विवाद दे रहा है नेगेटिव संदेश!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम (** बीते दिनों समाजवादी पार्टी के एक पूर्व और वर्तमान महानगर अध्यक्ष के बीच जो विवाद चल रहा था वह खत्म होना बेहद जरूरी हो रहा है। दरअसल गठबंधन की प्रत्याशी डॉली शर्मा चुनाव मैदान में है और सपा की दो नेताओं के बीच की तनाव वाला सीन चल रहा है। बता दें की डॉली शर्मा के नामांकन वाले दिन जहां एक सपा कार्यकर्ता पर हंगामा करने और दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगा था, इस मामले में साहिबाबाद थाने में सपा के महान अध्यक्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया, तो वहीं एक पूर्व अध्यक्ष का नाम इस पूरे मामले में सामने आया था। सूत्र बता रहे हैं की पार्टी के कुछ लोग इस पूरे विवाद को खत्म करने का भीतर खाने प्रयास कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले को हल करने के लिए दो बार बैठकें और वातार्लाप भी हुआ है लेकिन अभी यह सुलैहनामा नहीं हो पाया है।







### क्यों एक अध्यक्ष ने पूरे मामले पर ले रखी है ज्यादा ईगो

**करंट क्राइम :** पार्टी के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस पूरे मामले को खत्म करने के लिए समाजवादी पार्टी के कुछ नेता लगातार फोन और बैठकों को करने का काम कर रहे हैं ताकि समाजवादी पार्टी के पूर्व और वर्तमान में अध्यक्ष के बीच जो विवाद चल रहा है वह खत्म हो जाए। इसका लाभ पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी डॉली शर्मा को भी मिलेगा। दोनों ही नेता अपने-अपने क्षेत्र और संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं, ऐसे में सूत्र बता रहे हैं कि एक अध्यक्ष की ईगो की वजह से पूरा मामला उलझा हुआ है लेकिन आने वाले दिनों में इस पर जल्द ही परिणाम आ सकता है। इसके लिए पार्टी के नेताओं की कोशिश लगातार जारी है। गौरतलब है कि सपा में वर्तमान अध्यक्ष फैज़ल हुसैन और विरेंद्र यादव ने एक पत्र पूर्व अध्यक्ष राशिद मलिक और पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी के खिलाफ जारी करके सनसनी फैला दी थी।

### यह था पूरा मामला

**करंट क्राइम :** सपा नेता अल्वी ने अपने ऊपर महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव और उनके साथियों पर मारपीट और गंभीर आरोप लगाए थे। इस मामले में मुकदमा भी दर्ज हुआ, तो वहीं वर्तमान अध्यक्ष ने सीधे-सीधे पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल चौधरी पर निशाना साधते हुए इसे उनकी छवि धूमिल करने का प्लान बताया था।

> "डॉली शर्मा के नामांकन वाले दिन एक सपा कार्यकर्ता पर हंगामा करने और दूसरे पर मारपीट करने का आरोप लगा था"

## डॉली शर्मा को मिला बिहारी पूर्वांचल प्रवासी विकास महासंघ का समर्थन




गाजियाबाद, करंट क्राइम। टीएचए स्थित सन साइन होटल कौशाम्बी के सभागार में बिहारी पूर्वांचल प्रवासी विकास महासंघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नेपाल के पूर्व सांसद और खोड़ा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य केदार नंदन चौधरी ने की। बैठक में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को समर्थन देने का ऐलान किया गया और उनके जनसेवा भाव की सराहना की गई।

बैठक के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के विकास में मेहनतकश पूर्वांचल भाइयों का बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए उन्हें अपमानित करने वालों को, तरह तरह से धमकाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनकी संस्कृति की कद्र की जाएगी और गाजियाबाद में भी उसे प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने शहर विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग द्वारा एक छठ घाट पर बुल्डोजर चलवाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी शर्मनाक कार्रवाई अब गाजियाबाद में नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भेदभाव पूर्ण सियासत से सदा परहेज करती आई है। उसकी कोशिश रहती है कि सभी लोग अमन चैन से रहें, जीवन यापन करें। इसलिए इस राह में बाधक बन रही भाजपा को उखाड़ फेंकें और काँग्रेस के लोक कल्याणकारी हाथ के साथ चलें। उन्होंने कहा कि जब आपका साथ मिलेगा तो मैं संसद में जाऊंगी और वहां भी आपकी आवाज बुलंद करूंगी। इतना ही नहीं दिल्ली-एनसीआर से बुद्ध भूमि बिहार तक आापके समग्र विकास और उत्थान की लड़ाई लड़ूंगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी ने कहा कि पूर्वांचल के लोग जब गाजियाबाद से डॉली शर्मा को सांसद बनाएंगे तो साहिबाबाद का अगला विधायक भी आपके पूर्वांचल समाज से ही होगा। इस मौके पर काँग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि गाजियाबाद के विकास में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस जिले का गठन ही कांग्रेस के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने किया है, जो मेरे राजनीतिक अभिभावकों में से एक थे। इस शहर के विकास के लिए हम लोग पिछले 40-45 साल से संघर्षरत हैं। इस मौके पर शम्भू शरण, रविन्द्र त्यागी, दयानंद मिश्रा, अमित किशोर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## करोड़ों की चोरी में दो आरोपी गिरफ्तार लाखों का सोना और कैश हुआ बरामद

**पहले पुलिस तीन आरोपियों को भेज चुकी है जेल**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में फरवरी माह में हुई करोड़ों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने सुनील और चंद्र किरण उर्फ बंटी नाम के दो चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनकी निशान देही पर लगभग 2 दो सात हजार रुपये नगद और 1 किलो से अधिक के सोने के आभूषण और बिस्किट बरामद किए हैं। मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता में डीसीपी ग्रामीण जोन विवेक यादव व एसीपी वेव सिटी पूनम मिश्रा ने पूरे मामले की जानकारी दी। इस दौरान वेव सिटी थाना प्रभारी रवि बालियान ने भी घटनाक्रम के बारे में बताया।



### डुप्लीकेट चाभी से हुई थी चोरी

**करंट क्राइम।** डीसीपी देहात जोन विवेक चंद यादव ने बताया है कि पूर्व में पुलिस तीन आरोपी अतुल पांडे, अरुण कुमार और नितिन को गिरफ्तार कर चुकी है। जिसे लगभग 2 करोड़ रुपए पुलिस ने कैश जब्त किया था, इस मामले की विवेचना के क्रम में पुलिस ने बंटी उर्फ चंद्र किरण और सुनील को दबोचा है। इन्होंने विकास जैन के यहां डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल करते हुए चोरी को अंजाम दिया और थोड़े-थोड़े करके पैसे निकालते रहते थे। पुलिस ने बताया है कि घरेलू नौकरों ने ही पहले मलिक की पीछे से काफी मात्रा में कैश और सोने- चांदी के जेवर, डायमंड ज्वैलरी और अन्य कीमती सामान साफ किया था।

**फील्ड यूनिट और पुलिस मुखबिरी आई काम** : एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया है कि इस पूरे मामले की जब पुलिस के अधिकारियों को जानकारी लगी थी तो पहले फील्ड यूनिट और फिर सीसीटीवी फुटेज के साथ ही पुलिस ने अपने मुखबिर तंत्र के माध्यम से इसमें महत्वपूर्ण सूचना एकत्रित करके इस पूरे मामले का अनावरण करने का काम किया है। इसमें थाने की टीम लगातार अपने नेटवर्क से सुराग जुटाने में लगी हुई थी।

## जब देखते ही देखते चुनावी दफ्तर से हो गया भाजपा नेता का मोबाइल चोरी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावी दौर है तो चुनावी सभाओं से लेकर चुनावी दफ्तरों तक केवल कार्यकर्ता और समर्थक ही नहीं आते हैं बल्कि इन चुनावी सभाओं में चुनावी दफ्तरों में चोर उच्चके भी आ जाते हैं। चुनावी जनसभा किसी भी दल की हो इसमें हाथ की सफाई ये चोर दिखा जाते हैं। पूर्व में कई बार ऐसा हुआ है कि जब बड़ी जनसभा में बड़े नेताओं के भी मोबाइल फोन चोरी हो गये हैं। चुनावी कार्यालयों से अक्सर मौका लगते ही ये चोर अपनी करामात दिखा देते हैं। दरअसल चुनाव कार्यालयों पर भीड़ रहती है और किसी भी आवाजाही पर कोई रोक टोक नहीं रहती है। उसी का लाभ उठाकर ये तत्व वारदात को अंजाम देते हैं। सभी से करंट क्राइम की ये अपील भी है कि वो चुनाव कार्यालय में रहें या चुनावी जनसभा में रहे तो पूरी तरह से सजग सावधान रहें। अपने पर्स, मोबाईल का भी विशेष ध्यान रखें। आपकी सजगता ही आपका बचाव है। कुछ ऐसी ही हल्की सी लापरवाही भाजपा नेता तरूण शर्मा को भारी पड़ गई और उनका मोबाइल फोन चोरी हो गया।



दरअसल भाजपा नेता तरूण शर्मा मंगलवार को भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के चुनाव कार्यालय पर मौजूद थे। वह अपने पास दो फोन लिये हुए थे और इसी बीच उनके फोन पर एक कॉल आई और वह बात करते हुए चुनाव कार्यालय के बाहर लगे पेड़ के पास बने चबूतरे पर बैठ गये। यहां उन्होंने अपना दूसरा फोन रख दिया और वो बात करते करते आगे निकल गये। लेकिन ये चार कदम की दूरी बहुत भारी पड़ी और जब वो लौटे तो उनका फोन गायब हो चुका था। मोबाइल चोर उनका फोन लेकर साफ हो गये थे। भाजपा नेता तरूण शर्मा का फोन मंगलवार को दिन दहाड़े चुनावी दफ्तर से चोरी हो गया।

### मोबाइल चोरी करने के बाद कुछ मिनट आराम से बैठे थे चोर


करंट क्राइम। भाजपा नेता तरूण शर्मा का मोबाइल फोन नवयुग मार्किट स्थित चुनावी दफ्तर से चोर ले उड़े। चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है और कमाल की बात ये है कि कमल वाले नेता का फोन चोरी करने के बाद दोनों मोबाइल चोर लड़के आराम से कुछ मिनट वहां बैठे भी हैं। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई दे रहा है जब तरूण शर्मा का अपना फोन वहां छोड़कर आगे बढ़े तो एक शख्स वहां मौजूद है इसी बीच वहां दो लड़के आते हैं और वो बड़ी सफाई से तरूण शर्मा के मोबाइल फोन को उठा लेते हैं। फोन पर हाथ साफ करने के बाद दोनों मोबाइल चोर वहीं पर आराम से कुछ मिनट बैठते हैं और फिर वहां से गायब हो जाते हैं।



## अब नहीं निकल रहे हैं पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी के तरकश से तीर

**अतुल गर्ग की उम्मीदवारी के बाद रख दी बालेश्वर त्यागी ने विरोध वाली शमशीर**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भाजपा की उन राजनीतिक हस्तियों में शुमार हैं जिन्होंने विपक्ष से लेकर सरकार का युग देखा है। वो सरकार में मंत्री रहे हैं और उन्होंने ताजपोशी भी देखी है और हाशिया भी देखा है। बीते दिनों बालेश्वर त्यागी ने लगातार अपनी पोस्ट के जरिए जनप्रतिनिधि को लेकर तीर साधे। उन्होंने जनप्रतिनिधि के काम बताये, जनप्रतिनिधि की खामियां बताई और बड़े ही सधे हुए शब्दों के साथ उन्होंने वो सवाल उठा दिये जिनसे आमतौर पर यहां के नेता बच रहे थे। लोकसभा सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को लेकर बालेश्वर त्यागी का रवैया पहले से ही तल्ख रहा है। इसकी वजह भी कोई व्यक्तिगत नहीं है बल्कि वो उन्हें राजनीतिक विचाराधारा और राजनीतिक शिष्टाचार के दायरे में रहकर काम करने की सलाह देते रहे हैं। बालेश्वर त्यागी वैसे भी बिना किसी लागलपेट के अपनी बात कह देते हैं। जब जनरल वीके सिंह अपना दूसरा चुनाव लड़ रहे थे तो पहला कार्यकाल पूरा होने के बाद वो मयंक गोयल के साथ बालेश्वर त्यागी के आवास पर गये थे। यहां भी बालेश्वर त्यागी कहने से नहीं चूके थे और उन्होंने फेसबुक पोस्ट के जरिए कह दिया था कि हुजुर आते आते बहुत देर कर दी। आपको यहां आने में साढे चार साल लग गये। लेकिन इस बार तो बालेश्वर त्यागी ने चुनावी अधिसूचना जारी होने से पहले ही अपने तरकश के तीर निकाले। अपनी शमशीर निकाली और वो कई विषय लेकर सामने आये। जब तक जनरल वीके सिंह का टिकट नहीं कटा तब तक बालेश्वर त्यागी लगातार अपनी पोस्ट के जरिए अपने तरकश से तीर चलाते रहे। यहां तक की बालेश्वर त्यागी की पोस्ट को लेकर कमेंटवार भी हुई। बालेश्वर त्यागी ने भी अपने शब्दों की शमशीर से काफी हद तक घायल किया। इसके बाद शहर विधायक अतुल गर्ग को भाजना ने लोकसभा उम्मीदवार बनाया। अतुल गर्ग जब उम्मीदवार बने तो आमतौर पर किसी की भी शान में कुछ भी कहने से परहेज करने वाले बालेश्वर त्यागी खुलकर सामने आये। उन्होंने अपनी पोस्ट से अतुल गर्ग को बधाई दी। लेकिन अब जो बात दिखाई दी है उसकी चर्चा भाजपा में है। भाजपा वाले ही कह रहे है कि अब ऐसा क्या हो गया है कि पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की तरकश से तीर निकलना बंद हो गये हैं। वो इसी बात की चर्चा कर रहे हैं कि आखिर अब बालेश्वर त्यागी ने अपनी शमशीर क्यों मयान में रख ली है। अब वो कोई बयान भी नहीं दे रहे हैं। चर्चा यही है कि क्या वो यहां जनरली किसी को टारगेट कर रहे थे और जब उनका टारगेट पूरा हो गया तो फिर उन्होंने आरोपों का गेट भी बंद कर लिया।



> बालेश्वर त्यागी ने जनप्रतिनिधि के काम बताए, खामियां बताईं और बड़े ही सधे हुए शब्दों के साथ उन्होंने वो सवाल उठा दिये जिनसे आमतौर पर नेता बच रहे थे।



> लोकसभा सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को लेकर बालेश्वर त्यागी का रवैया पहले से ही तल्ख रहा है। इसकी वजह भी कोई व्यक्तिगत नहीं है बल्कि वो उन्हें राजनीतिक विचाराधारा और राजनीतिक शिष्टाचार के दायरे में रहकर काम करने की सलाह देते रहे हैं।

## नगर निगम द्वारा होर्डिंग तोड़ने की गूंज पहुंची लखनऊ-दिल्ली तक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम और भाजपा नेता की कंपनी के बीच रूल को लेकर विवाद हो गया। नगर निगम ने भाजपा नेता द्वारा संचालित बीओटी फर्म द्वारा लगाये गये होर्डिंग तोड़ डाले। मामला समय सीमा खत्म होने का था और इसके बाद शहर की ट्रैफिक लाइट व्यवस्था ठप हो गयी।

नगर निगम ने कंपनी पर आरोप लगाये कि उन्होंने ट्रैफिक लाइट व्यवस्था ठप की है जबकि कंपनी ने अपना स्पष्टीकरण दे दिया कि उन्होंने कोई ट्रैफिक लाइट व्यवस्था ठप नहीं की है केवल अपना स्टॉफ हटाया है। सूत्र बताते हैं कि मामले में भाजपा बनाम भाजपा है और इस मामले की गूंज दिल्ली और लखनऊ तक पहुंच गई है। मामले में अब मोड़ प्रधानमंत्री के फोटो को लेकर आ गया है। बताया ये जाता है कि जब शिव शक्ति ड्रीम वाले होर्डिंग हटाये गये तो यहां पर बड़ी मात्रा में वो होर्डिंग लगे थे जिनमें प्रधानमंत्री का फोटो लगा था। प्रधानमंत्री 6 अप्रैल को गाजियाबाद में रोड शो करने आये थे। प्रधानमंत्री के आगमन पर बड़ी संख्याओं में उनके सम्मान में भाजपा कार्यकताओं ने उनके होर्डिंग लगाये थे। लेकिन उनके जाने के बाद जब ये होर्डिंग हटाये गये तो सूत्र बताते हैं कि यहां प्रधानमंत्री के फोटो के साथे बेअदबी हो गई। प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग हटाये जाने के बजाय तोड़े गये। प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़ने की वीडियो भी बनाये जाने की चर्चा है। सूत्र बताते हैं कि प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग काफी संख्या में टूटे हैं और इन होर्डिंग को तोड़े जाने के वीडियो दिल्ली और लखनऊ पहुंच चुके हैं। जिस लहजे में प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़े गये है उसे लेकर कई बड़े चेहरे नाराज हैं।

### प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़ने को लेकर गिर सकती है चुनावों के बाद गाज

सूत्र बताते हैं कि मामला दिल्ली और लखनऊ के बड़े गलियारों तक पहुंच गया है। बताया ये भी जा रहा है कि इस मामले में दिल्ली और लखनऊ से सत्ता के बड़े चेहरों ने गाजियाबाद की मेयर और भाजपा के महानगर अध्यक्ष से भी जानकारी मांग ली है। सूत्र बताते हैं कि नाराजगी इस बात को लेकर है कि अगर होर्डिंग लग भी गये थे और समय सीमा भी निकल गई थी तो भी प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़ने की ऐसी क्या जल्दी थी। ये भी जानकारी मांगी गई है कि प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़ने के आदेश किसने दिये थे। सूत्र बताते है कि इस मामले की गूंज दिल्ली और लखनऊ तक है बड़े चेहरों ने अपनी नाराजगी प्रकट कर दी है और ये भी हो सकता है कि चुनाव के बाद प्रधानमंत्री के फोटो वाले होर्डिंग तोड़ने की गाज यहां कुछ चेहरों पर गिर सकती है।

## संपादकीय

# नई सोच का संकेत

सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी को लेकर एक संतुलन फैसला सुनाया है। अदालत ने दुर्लभ प्रजाति के ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षी और सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट से जुड़े एक मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। राजस्थान और गुजरात में अत्यंत दुर्लभ प्रजाति के पक्षी ग्रेट इंडियन बस्टर्ड (सोहन चिड़िया) के लिए खतरनाक माने गए सोलर एनर्जी प्रॉजेक्ट से जुड़े एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जो संतुलित रुख अपनाया है, वह पर्यावरण, पारिस्थितिकी और विकास को लेकर जुडिशरी की नई सोच का संकेत करता है। पहली बार इस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु परिवर्तन और पारिस्थितिकी के असंतुलन को संविधान में दिए गए मूल अधिकारों से जोड़ा है। मामला 90,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले ओवरहेड ट्रांसमिशन लाइन के प्रॉजेक्ट से जुड़ा है, जिस पर 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने ही अपने एक फैसले में रोक लगा दी थी। उस समय कोर्ट के ध्यान में यह बात लाई गई थी कि बिजली के इन तारों से टकराकर ग्रेट इंडियन बस्टर्ड पक्षियों की बड़ी संख्या में मौत होती है। राजस्थान और गुजरात का वह इलाका इन पक्षियों के आवागमन की राह में पड़ता है मगर यही इलाका सौर ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं से भरपूर भी माना जाता है। इस प्रॉजेक्ट पर रोक के कारण सौर ऊर्जा उत्पादन से जुड़ी देश की योजनाएं बुरी तरह बाधित हो रही थीं। ताजा फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने महसूस किया कि इस तरह की एकतरफा रोक से बात नहीं बनती। पक्षियों को बचाना अगर महत्वपूर्ण है तो वैकल्पिक ऊर्जा का इस्तेमाल बढ़ाने का देश का संकल्प पूरा होना भी जरूरी है। लिहाजा, कोर्ट ने नए आदेश में 13000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को इन पक्षियों के आवास के रूप में संरक्षित रखने और 77,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में ओवरहेड पावर ट्रांसमिशन लाइन पर लगी रोक हटाने की बात कही।

जलवायु बदलाव के प्रतिकूल प्रभावों को देखते हुए सरकार अपनी नीतियों में जो भी बदलाव ला रही हो, हालात की गंभीरता के मद्देनजर यह काफी नहीं माना जा रहा। इन प्रयासों को बल प्रदान करने के लिए इन्हें संवैधानिक मूल्यों से जोड़ने की जरूरत थी। जलवायु परिवर्तन से आम लोगों के जीवन पर पड़ते विपरीत प्रभावों और ऊर्जा की कमी जैसे संकटों को नागरिकों के जीवन व समानता के अधिकारों से जोड़कर सुप्रीम कोर्ट ने इसी जरूरत को पूरा करने की कोशिश की है। अगले दो दशकों में वैश्विक ऊर्जा की डिमांड में होने वाले कुल इजाफे का 25% भारत में होगा। पर्यावरण प्रदूषण का दबाव स्वच्छ ऊर्जा की जरूरत बढ़ाएगा। भारत में सौर ऊर्जा के विकास की अपार संभावना भी है।

इसे देखते हुए ही भारत सरकार ने 2030 तक 500 गिगावॉट गैर जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल करने और 2070 तक शून्य उत्सर्जन की स्थिति में पहुंचने का लक्ष्य रखा है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले में इन सभी तथ्यों का ध्यान रखा गया है। कुल मिलाकर शीर्ष अदालत का यह फैसला ऐसा कानूनी नजरिया देता है जो पर्यावरण और पारिस्थितिकी को बचाए रखते हुए विकास सुनिश्चित करने की राह पर आगे बढ़ना आसान बनाएगा।

# भारत में वर्ष प्रतिपदा हिंदू कालगणना के वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर मनाई जाती है

भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के अनुसार नए वर्ष का प्रारम्भ वर्षप्रतिपदा के दिन होता है। वर्षप्रतिपदा की तिथि निर्धारित करने के पीछे कई वैज्ञानिक तथ्य छिपे हुए हैं। ब्रह्मपुराण पर आधारित ग्रन्थ ह्यकथा कल्पतरुह्ल में कहा गया है कि चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के प्रथम दिन सूर्योदय के समय ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी और उसी दिन से सृष्टि संवत की गणना आरम्भ हुई। समस्त पापों को नष्ट करने वाली महाशांति उसी दिन सूर्योदय के साथ आती है।

वर्ष प्रतिपदा का स्वागत किस प्रकार करना चाहिए इसका वर्णन भी हमारे शास्त्रों में मिलता है। सर्वप्रथम सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की पूजा ह्यॐह्ल का सामूहिक उच्चारण, नए पुष्पों, फलों, मिष्ठानों से युग पूजा और सृष्टि की पूजा करनी चाहिए। सूर्य दर्शन, सुर्यर्ध्य प्रणाम, जयजयकार, देव आराधना आदि करना चाहिए। परस्पर मित्रों, सम्बन्धियों, सज्जनों का सम्मान, उपहार, गीत, वाध्य, नृत्य से सामूहिक आनंदोत्सव मनाना चाहिए तथा परस्पर साथ मिल बैठकर समस्त आपसी भेदों को समाप्त करना चाहिए। चूंकि यह ब्रह्मा द्वारा घोषित सर्वश्रेष्ठ तिथि है अत इसको प्रथम पद मिला है, इसलिए इसे प्रतिपदा कहते हैं। हमारा यह शास्त्रीय विधान पूर्णतः विज्ञान सम्मत है। जागरण के इस काल में हमें काल पुरुष जगा रहा है, ऐसी सनातन संस्कृति में मान्यता है। आइये, हम भी हिंदुत्व के उगते सूरज के सम्मान और अभ्यर्थना में उठ खड़े हों।



अर्थात, महान यशस्वी इंद्र एश्वर्य प्रदान करें, पूषा नामक सूर्य तेजस्विता प्रदान करें। ताक्ष्र्य नामक सूर्य रसायन तथा बुद्धि द्वारा रोग-शोक का निवारण करें तथा बृहस्पति नामक गृह सभी प्रकार के मंगल तथा कल्याण प्रदान करते हुए उत्तम सुख समृधि से ओतप्रोत करें। उक्त मन्त्र में खगोल स्थित क्रान्तिव्रत के समान चार भाग के परिधि पर समान दूरी वाले चार बिन्दुओं पर पड़ने वाले नक्षत्रों क्रमशः इंद्र, पूषा ताक्ष्र्य एवं बृहस्पति अर्थात चित्रा, रेवती, श्रवण ० पुष्य नक्षत्रों द्वारा क्रान्ति व्रत पर 180 अंश का कोण बनता है। यह वैदिक पुरुष द्वारा की गई जन कल्याण की कामना है।

वर्ष प्रतिपदा हिंदू काल गणना पर आधारित है और इसके साथ अन्य कई वैज्ञानिक तथ्य भी जुड़े हैं। इसी दिन वासंतिक नवरात्रि का भी प्रारम्भ होता है और वर्ष प्रतिपदा से ही नौ दिवसीय शक्ति पर्व प्रारम्भ होता है तथा सनातनी हिंदू इसी दिन से शक्ति की भक्ति में लीन हो जाते हैं। सतयुग के खंडकाल में भारतीय (हिन्दू) नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन प्रारंभ हुआ था क्योंकि इसी दिन ब्रह्माजी द्वारा सृष्टि की रचना का प्रारंभ किया गया था। आगे चलकर त्रेतायुग में वर्षप्रतिपदा के दिन ही प्रभु श्रीराम का लंका विजय के बाद राज्याभिषेक हुआ था। भगवान श्रीराम ने वानरों का विशाल सशक्त संगठन बनाकर असुरी शक्तियों (आतंक) का विनाश किया था। इस प्रकार अधर्म पर धर्म की विजय हुई और रामराज्य की स्थापना हुई थी। अगले खंडकाल अर्थात द्वापर युग में युधिष्ठिर संवत का प्रारम्भ भी वर्षप्रतिपदा के दिन हुआ था। महाभारत के धर्मयुद्ध में धर्म की विजय हुई और राजसूय यज्ञ के साथ युधिष्ठिर संवत प्रारम्भ हुआ। आगे कलयुग के खंडकाल में विक्रम संवत प्रारम्भ हुआ। सम्राट विक्रमादित्य की नवरत्न सभा की चर्चा आज भी चहुंओर होती है। यह भारत के परम वैभवशाली इतिहास का एक अति महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है। इस नवरत्न सभा में निम्नलिखित रत्न शामिल थे - (1) धन्वन्तरि-आयुर्वेदाचार्य; (2) वररुचि-व्याकरणचार्य; (3) कालीदास-महाकवि; (4) वराहमिहिर-अंतरिक्षविज्ञानी; (5) शंकु-शिक्षा शास्त्री; (6) अमरसिंह-साहित्यकार; (7) क्षणपक-न्यायविद दर्शनशास्त्री; (8) घटकर्पर-कवि; (9) वेतालभट्ट-नीतिकार।

भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित कालगणना को विश्व की सबसे प्राचीन पद्धति माना जाता है। दरअसल भारत में कालचक्र प्रवर्तक भगवान शिव को काल की सबसे बड़ी इकाई के अधिष्ठाता होने के चलते ही उन्हें महाकाल कहा गया। वहीं कलयुग में विक्रमादित्य द्वारा नए संवत का प्रारम्भ परकीय विदेशी आक्रमणकारियों से भारत को मुक्त कराने के महाअभियान की सफलता का प्रतीक माना गया है। इधर स्वतंत्र भारत की सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचांग निश्चित करने के उद्देश्य से प्रसिद्ध वैज्ञानिक डा. मेघनाद साहा की अध्यक्षता में एक ह्यकलैंडर रिफार्म कमेटीह्ल का गठन किया गया था। वर्ष 1952 में ह्यसाइंस एंड कल्चरह्ल पत्रिका में प्रकाशित एक प्रतिवेदन के अनुसार, लगभग पूरे विश्व में लागू ईसवी सन का मौलिक सम्बंध ईसाई पंथ से नहीं है और यह यूरोप के अर्धसभ्य कबीलों में ईसामसीह के बहुत पहले से ही चल रहा था। इसके अनुसार एक वर्ष में 10 महीने और 304 दिन ही होते थे। वर्ष के कैलेंडर में जनवरी एवं फरवरी माह तो बाद में जोड़े गए हैं। पुरानी रोमन सभ्यता को भी तब तक ज्ञात नहीं था कि सौर वर्ष और चंद्रमास की अवधि क्या थी। यही दस महीने का साल वे तब तक चलाते रहे जब तक उनके नेता सेनापति जूलियस सीजर ने इसमें संशोधन नहीं कर लिया।

ईसा के 530 वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद, ईसाई बिशप ने पर्याप्त कल्पनाएं कर 25 दिसम्बर को ईसा का जन्म दिवस घोषित किया। वर्ष 1572 में तेरहवें पोप ग्रेगोरी ने कैलेंडर को दस दिन आगे बढ़ाकर 5 अक्टोबर (शुक्रवार) को 15 अक्टोबर माना, जिसे ब्रिटेन द्वारा 200 वर्ष उपरांत अर्थात वर्ष 1775 में स्वीकार किया गया। साथ ही, यूरोप के कैलेंडर में 28, 29, 30, 31 दिनों के महीने होते हैं, जो विचित्र है क्योंकि यह न तो किसी खगोलीय गणना पर आधारित हैं और न ही किसी प्रकृति चक्र पर। उक्त वर्णित कारणों के चलते कैलेंडर रिफोर्म कमेटी ने विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत बनाने की सिफारिश की थी। विक्रम संवत, ईसा संवत से 57 साल पुराना था। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में अंग्रेजी मानसिकता से ग्रसित लोगों के यह सुझाव पसंद नहीं आया और देश में यूरोप के कैलेंडर को लागू कर दिया गया।

## राशिफल

**मेष:** दाम्पत्य जीवन में सुख-समृद्धि रहेगी। जीवनसाथी परिवार के किसी सदस्य के खिलाफ आपसे शिकायत कर सकता है।

**वृष:** आपको अपनी वाणी में संयम रखना होगा। गुस्से में आकर अपनी पत्नी या पार्टनर से ऐसी कोई बात न कहें जिससे रिश्ते में हमेशा के लिए दरार आ जाए।

**मिथुन:** वैवाहिक जीवन पर पूरा ध्यान दें और अपने जीवन साथी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास करें। रिश्ता मजबूत होगा।

**कर्क:** पत्नी के साथ आप उत्साह का अनुभव करेंगे। पार्टनर से छोटी-छोटी बातों पर विवाद हो सकता है। किसी बात का विरोध करने पर तनाव हो सकता है।

**सिंह:** लव लाइफ के लिए आज का दिन आपके लिए कमजोर है, आज लव पार्टनर से कहासुनी भी हो सकती है।

**कन्या:** आप अपने जीवन साथी के प्रति उत्साहित रहेंगे। आपके नेतृत्व कौशल की आपकी पत्नी प्रशंसा करेगी।

**तुला:** दाम्पत्य जीवन सामान्य रहेगा। आप अपने जीवन साथी को लेकर चिंतित रहेंगे। प्रेम जीवन जीने वालों को भी आज थोड़ा सब्र रखना होगा।

**वृश्चिक:** अपने रिश्ते को गंभीरता से लेने का समय आ गया है। आपके कई रिश्तों में विवाद और दरार आ सकती है।

**धनु:** लव लाइफ के लिए दिन कमजोर है। कलह की संभावना हो सकती है। आपकी वजह से आज अपनों का मूड खराब हो सकता है।

**मकर:** इस बात का ध्यान रखें कि आपके और आपकी पत्नी के बीच मनमुटाव न हो। मन में उदासीनता हो सकती है।

**कुंभ:** लव लाइफ की तरफ से भी आज का दिन शुभ है। पार्टनर के साथ कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी।

**मीन:** दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा। आपका जीवन साथी आपकी हर जरूरत को पूरा करेगा। उनका सहयोग मिलने से आप धन्य होंगे।

## चुटकुले

दो दोस्त- यार कल रात घर देर से पहुंचा,
घंटी बजाई पर बीवी ने दरवाजा खोला ही नहीं।
पूरी रात सड़क पर गुजारी।
दोस्त- फिर सुबह बीवी की खबर ली कि नहीं?
नहीं यार, सुबह दारू उतरी तो याद आया,
अभी तो मेरी शादी ही नहीं हुई है,
और चाबी तो जेब में थी।

---

टीचर- तुम्हारा बंटी से क्या रिश्ता है?
राहुल- बहुत दूर का रिश्ता है टीचर,
वह मेरा सगा भाई है।
टीचर- तो फिर दूर का रिश्ता कैसे हुआ?
राहुल- क्योंकि, इसके और मेरे बीच 6 भाई-बहन हैं।


---

मास्टर जी- इस मुहावरे का अर्थ बताओ सांप की दुम पर पैर रखना।
स्टूडेंट- पत्नी को मायके जाने से रोकना।
अब मास्टर जी ये नहीं समझ पा रहे कि बच्चे को बाहर निकालूं या क्लास का मॉनिटर बनाऊं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- कछुआ अंतरिक्ष यात्री से पहले चंद्रमा परिक्रमा किया था : वह एक रूसी अंतरिक्ष जांच का परीक्षण करने के लिए भेजा गया था।
- अगर मनुष्य को बिना किसी सुरक्षा उपाय के स्पेस में छोड़ दिया जाए तो वह केवल 2 :00 मिनट तक ही जीवित रहेगा।
- अंतरिक्ष यात्री जब अंतरिक्ष का सफर कर पृथ्वी पर लौटते हैं तो उन्हें पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण के हिसाब से ढलने में समय लगता है। अंतरिक्ष की तरह वह पृथ्वी पर भी चीजों को हाथ से छोड़ देते हैं। लेकिन पृथ्वी पर चीजें जमीन पर गिर जाती हैं और टूट जाती हैं।
- अंतरिक्ष में पहली मानव निर्मित वस्तु जर्मन वी 2 रॉकेट थी।
- उत्तर कोरिया की अंतरिक्ष एजेंसी को ₹नाडा₹ कहा जाता है, जो स्पेनिश में ₹कुछ नहीं₹ होता है।
- स्पेससूट में सीटी बजाना असंभव है।
- अंतरिक्ष में जन्मे काकरोच पृथ्वी पर जन्मे तिलचट्टे से तेज, ताकतवर, सख्त, और तेज हो जाते हैं।
- शुक्र के बादलों के ऊपर फ्लोटिंग शहरों दो ग्रह प्रजातियों के लिए हमारी सबसे अच्छी शर्त हो सकती हैं। धरती के समान स्थितियां एक इंसान को एक दबावयुक्त सूट की आवश्यकता नहीं होती है।


# गवर्नर शक्तिकांत दास की अपील- देश-विदेश में रुपया डेरिवेटिव में भागीदारी बढ़ाएं बैंक



**नई दिल्ली।** दास ने बार्सिलोना में एक कार्यक्रम में कहा, घरेलू बैंक निचले स्तर के ग्राहकों के बजाय वैश्विक स्तर पर बाजार-निमार्ताओं के साथ काम कर रहे हैं। बेशक, बैंकों को उचित परिश्रम करने, जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करने और फिर इस दिशा में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भारतीय बैंकों से घरेलू व विदेशी दोनों स्तरों पर रुपया डेरिवेटिव बाजार में भागीदारी बढ़ाने की अपील की है। डेरिवेटिव बाजारों में घरेलू बैंकों की भागीदारी सिर्फ सक्रिय बाजार निमार्ताओं के एक छोटे समूह के साथ सीमित है। साथ ही, वैश्विक बाजारों में भारतीय बैंकों की भागीदारी बढ़ रही है, लेकिन यह काफी कम है। दास ने सोमवार को बार्सिलोना में एक कार्यक्रम में कहा, घरेलू बैंक निचले स्तर के ग्राहकों के बजाय वैश्विक स्तर पर बाजार-निमार्ताओं के साथ काम कर रहे हैं। बेशक, बैंकों को उचित परिश्रम करने, जोखिम उठाने की क्षमता का आकलन करने और फिर इस दिशा में सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है। हमारा ध्यान विवेकपूर्ण रहते हुए घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में रुपया डेरिवेटिव्स के लिए भारतीय कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाने पर होना चाहिए।

## सितंबर तक 100 डॉलर पहुंच सकता है कच्चा तेल, कई देशों के बीच तनाव बढ़ने से बढ़ेंगे दाम



**नई दिल्ली।** विश्लेषकों के मुताबिक, क्रूड में तेजी महंगाई को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। इससे केंद्रीय बैंकों की दर में कटौती की योजनाओं पर असर पड़ सकता है। वैश्विक आधार पर मांग ठीक है, लेकिन आपूर्ति कम है। कच्चे तेल के और महंगा होने की आशंका है। जेपी मॉर्गन एंड चेज का अनुमान है कि अगस्त-सितंबर तक कच्चा तेल 100 डॉलर के पार पहुंच सकता है। इससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने को लेकर चिंता उत्पन्न हो गई है। जेपी मॉर्गन एंड चेज के मुताबिक, कई देशों के बीच नए सिरे से तनाव बढ़ने और आपूर्ति में कमी से क्रूड की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। हाल में क्रूड छह महीने के उच्च स्तर 90 डॉलर के पार पहुंच गया था।

**वैश्विक स्तर पर बढ़ेगी महंगाई :** विश्लेषकों के मुताबिक, क्रूड में तेजी महंगाई को लेकर भी चिंता बढ़ा रही है। इससे केंद्रीय बैंकों की दर में कटौती की योजनाओं पर असर पड़ सकता है। वैश्विक आधार पर मांग ठीक है, लेकिन आपूर्ति कम है। मेक्सिको से तेल निर्यात पिछले महीने 35 फीसदी गिरकर 2019 के बाद से निचले स्तर पर आ गया। मार्च में मेक्सिको, अमेरिका, कतर और इराक ने अपने संयुक्त तेल उत्पादन में प्रतिदिन 10 लाख बैरल से अधिक की कटौती की। इस्रायल व ईरान के बीच तनाव का माहौल है। दोनों देशों में कभी भी युद्ध की स्थिति बन सकती है। इसके अलावा, कमोडिटी संचालित महंगाई फिर से वापस दिखने लगी है। इससे क्रूड की कीमतें बढ़ने की प्रबल आशंका है। मेक्सिको की ओर से क्रूड निर्यात को कम करने का हालिया कदम वैश्विक स्तर पर दबाव बढ़ा रहा है। इससे अमेरिका में तेल की खपत बढ़ गई है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दिनेश कार्तिक को करियर में इन दो बातों का अफसोस

## कुलदीप के साथ केकेआर में हुए बर्ताव का भी किया खुलासा

● कार्तिक ने फिनिशर के रूप में इस सीजन कुछ अच्छी परफॉर्मेंस दी

**बेंगलुरु।** अनुभवी भारतीय और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2019 में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ अपने संघर्ष के दिनों के दौरान अपने क्रिकेट करियर के सबसे बड़े पछतावे और स्पिनर कुलदीप यादव के साथ तनावपूर्ण संबंधों पर खुलकर बात की। मौजूदा समय में आरसीबी के लिए खेल रहे कार्तिक ने फिनिशर के रूप में इस सीजन कुछ अच्छी परफॉर्मेंस दी है, लेकिन टीम को उसका फायदा नहीं हुआ। यह उनका आखिरी आईपीएल सीजन माना जा रहा है। कार्तिक ने इस सीजन चार मैचों में 45.00 की औसत और 173 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 90 रन बनाए हैं। अश्विन के साथ में बोले कार्तिक मुंबई इंडियंस के साथ 2013 सीजन जीतने वाले कार्तिक ने रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर कहा कि उन्हें खेद है कि वह 2013 के शानदार सीजन के बाद वह फ्रेंचाइजी द्वारा खुद रिटेन नहीं कराना चाहते थे। एमआई के साथ रहने से उन्हें और भी बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद मिलती। उनका एक और अफसोस चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ कभी नहीं जुड़ना है। कार्तिक ने कहा- अगर आप मुझसे आईपीएल में मेरे पछतावे के बारे में पूछते हैं तो वह यह है कि मैं 2013 में रिटेन नहीं होना चाहता था। मुझे जीवन में बहुत पछतावा नहीं है। मैं उस तरह का व्यक्ति नहीं हूं, लेकिन अगर मुझे आईपीएल के संदर्भ में अपने क्रिकेट करियर में दो पछतावे के बारे में



पूछते हैं तो उनमें से एक रिटेन नहीं होने का फैसला, क्योंकि मुझे लगता है कि मुंबई इंडियंस एक ऐसी टीम थी जो सच में मुझे आगे बढ़ने और एक बेहतर खिलाड़ी बनने में मदद कर सकती थी।उ न्होंने कहा- दूसरा अफसोसो यह है कि मैं अब तक सीएसके का प्रतिनिधित्व नहीं कर सका, लेकिन मैं यह समझता हूं। इस बात का पछतावा है क्योंकि मैं नहीं खेल सका। मेरा मतलब है कि मैं चेन्नई से हूं और मैंने अपना सारा क्रिकेट वहीं खेला है और मैं पीली जर्सी का हिस्सा बनना पसंद करता, लेकिन मैं हमेशा उनका सम्मान करता हूं क्योंकि वे वास्तव में हर साल मुझे नीलामी में लाने की कोशिश करते हैं। मुंबई को लेकर कार्तिक का बयान विकेटकीपर-बल्लेबाज ने कहा कि उनके पास मुंबई इंडियंस के साथ रहने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने बुनियादी ढांचे, स्टार पावर और कप्तान-कोच रोहित शर्मा और रिकी पोंटिंग के नेतृत्व के बावजूद नहीं रहना चुना। उन्होंने यह भी कहा कि उनके अंबानी परिवार के साथ भी अच्छे संबंध थे, जो फ्रेंचाइजी के मालिक थे। कार्तिक ने कहा- मेरे पास टीम में बने रहने का अवसर था और मैंने इसे ठुकरा दिया क्योंकि मुझे लगा कि अगर मैं नीलामी में गया तो मुझे बड़े मौके मिल सकते हैं। मुझे लगा कि अगर मैं उस समय मुंबई इंडियंस का हिस्सा होता, तो मैं एक खिलाड़ी के रूप में बहुत अधिक विकसित होता। उनके पास जिस तरह का बुनियादी ढांचा था, जिस तरह की टीम उन्होंने बनाई थी और जो खिलाड़ी उसका हिस्सा थे, वह शानदार थी। पोंटिंग कोच थे और टीम मालिकों के साथ भी मेरे अच्छे संबंध थे। मुंबई टीम के मालिकों को लेकर कार्तिक का बयान उन्होंने कहा, 'आकाश, अनंत और कुछ हद तक नीता भाभी के साथ भी मेरे अच्छे संबंध थे। अगर मैं उस टीम का हिस्सा होता, तो इससे मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में विकसित होने में मदद मिलती और इसलिए जब मैं पीछे मुड़कर देखता हूं तो देखता हूं कि एक दशक बीत चुका है जब मैंने मुंबई में रहने का एक मौका गंवा दिया।' 2013 के आईपीएल सीजन में कार्तिक ने 19 मैचों में 28.33 की औसत और 124 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से दो अर्धशतक के साथ 510 रन बनाए थे। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 86 रन रहा था। कुलदीप से संबंध पर कार्तिक का बयान 2018-20 से केकेआर की कप्तानी करने वाले कार्तिक ने स्वीकार किया कि स्पिनर कुलदीप यादव के साथ उनकी कुछ 'गंभीर बातचीत' हुई थी। कुलदीप को 2019 सत्र में नौ मैचों में सिर्फ चार विकेट लेने के बाद बेंच पर रहना पड़ा था। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने खुलासा किया कि स्पिनर तब उतना अच्छा नहीं कर रहा था जितना वह अभी कर रहा है और उन्हें कुलदीप के साथ ईमानदारी से बातचीत करनी थी। कार्तिक ने तब से अब तक, कुलदीप की प्रगति पर खुशी व्यक्त की है और कहा कि वह एक बेहतर गेंदबाज और विश्व-विजेता खिलाड़ी बन गए हैं। कार्तिक ने उम्मीद जताई कि कुलदीप, जो 2022 से

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम



**नई दिल्ली।** पिछले दो मैच गंवा चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस सीरीज में भारत को पहले मैच में 1 -5 और दूसरे में 2 -4 से पराजय का सामना करना पड़ा। इस दौरे से भारतीय टीम को अपनी ताकत और कमजोरियों का पता चलेगा। पहले दोनों मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत के डिफेंस को दबाव में रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में भारतीय डिफेंडरों ने पहले दो मैचों में कई आसान गोल और पेनल्टी कॉर्नर गंवाये। वहीं फॉरवर्ड पंक्ति विरोधी खेमे में हमले नहीं बोल सकी। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। मिडफील्ड में प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है और मिडफील्डरों ने काफी मौके बनाये हैं। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। शॉर्ट और तेज रफ्तार पास की बजाय भारतीयों ने डीप से लंबे पास का आदान प्रदान किया लेकिन आस्ट्रेलियाई डिफेंस को नहीं तोड़ सके। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

# खुद के लिए यह नाम चाहते हैं रवींद्र जडेजा सीएसके ने भरी हामी, जड्डू ने इस मामले में की धोनी की बराबरी

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स की टीम जब भी मुश्किल में पड़ी है, उनके लिए रवींद्र जडेजा हमेशा मैच विनर बनकर उभरे हैं। चाहे वह बैटिंग हो या बॉलिंग या फिर फील्डिंग, जडेजा को तीनों क्षेत्र में अव्वल दर्जे का खिलाड़ी माना जाता है। अपने शानदार ऑलराउंड क्षमता के लिए ही वह तीनों प्रारूप में टीम इंडिया के हिस्सा हैं। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स पर चेन्नई की सात विकेट से जीत में भी जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने तीन महत्वपूर्ण विकेट लिए। इसकी वजह से केकेआर की टीम 20 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 137 रन ही बना सकी। वहीं, सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। जडेजा को प्लेयर ऑफ



द मैच चुना गया। जडेजा को फैंस से चाहिए ये 'उपाधि' मैच के बाद जडेजा के एक बयान फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा है। दरअसल, चेन्नई में महेंद्र सिंह धोनी को प्यार से 'थाला' कहा जाता है। वहीं, सीएसके के लिए कई वर्षों तक खेलने वाले सुरेश रैना को फैंस 'चिन्ना थाला' के नाम से बुलाते हैं। अब जडेजा ने अपने लिए एक खास नाम रखने की मांग की है। मैच के बाद प्रेजेंटेशन शो में जब जडेजा पहुंचे तो कमेंटेटर हर्षा भोगले के सामने फैंस से उनका कोई खास नाम रखने की मांग की। बाद में हर्षा ने उनके लिए 'थलपति' नाम रखने के लिए कहा। 'थलपति' का अर्थ होता है सेनापति। हर्षा ने नए नाम की पुष्टि की जडेजा ने मैच के बाद कहा, 'मेरे नाम की अभी पुष्टि नहीं हुई है, उम्मीद है कि वे मुझे भी एक नाम देंगे। मैं इस पिच पर अपनी गेंदबाजी का हमेशा लुत्फ उठाता हूं। मैं उम्मीद कर रहा था कि गेंद थोड़ी ग्रिप करे और अगर आप सही क्षेत्र में गेंदबाजी करते हो तो इससे आपको मदद मिलती है। मेहमान टीमों के लिए इस पिच पर व्यवस्थित होने और योजना बनाने में समय लगता है।' इसके बाद भोगले सोशल मीडिया पर जडेजा के लिए पोस्ट करते हुए उन्हें 'थलपति' करार दिया। हर्षा भोगले ने लिखा, 'मुझे नहीं लगता कि भारत में कोई और मैदान है जहां भीड़ लगभग मैच के बाद के प्रेजेंटेशन शो का भी हिस्सा बन जाती है। मुझे यहां (चेपॉक) आना पसंद है। तो चेन्नई सुपर किंग्स, क्या आप जडेजा को 'क्रिकेट थलपति' का नाम देने जा रहे हैं? चेन्नई सुपर किंग्स ने हामी भरी जडेजा ने इस खास नाम के लिए हर्षा को धन्यवाद दिया। इसके कुछ समय बाद चेन्नई सुपर किंग्स ने इसे आधिकारिक कर दिया। बाद में सीएसके ने जडेजा के नाम पर अपनी मुहर लगा दी। एक्स पर पांच बार के चैंपियन ने लिखा- 'क्रिकेट थलपति के रूप में पुष्टि।' जडेजा ने सोमवार को धोनी के एक बड़े रिकॉर्ड की बराबरी की थी। वह सीएसके के लिए सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों के मामले में धोनी की बराबरी पर पहुंच गए। दोनों ने सबसे ज्यादा 15-15 बार यह अवॉर्ड जीता है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान

**लाहौर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की पाकिस्तान टीम में वापसी हो गई है। दोनों को 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। आमिर-इमाद के पिछले अंतरराष्ट्रीय मैच दस दिन तक चलने वाली इस सीरीज के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे। आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच अगस्त 2020 में इंग्लैंड के खिलाफ टी20 के रूप में खेला था। वहीं, इमाद ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 के रूप में खेला था। आमिर ने कोच से मतभेद के बाद संन्यास लिया था स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय



क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। इमाद को भी चयनकर्ताओं ने मनाया स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था, लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है। टीम इस प्रकार है: बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमान, मोहम्मद आमिर, सैम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

## खेल मंत्रालय को निलंबन के खिलाफ डब्ल्यूएफआई की याचिका पर जवाब देने का निर्देश




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिये कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होनी है। केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को नये पदाधिकारियों के चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई के लिये सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि महासंघ को अनिश्चित काल के लिये निलंबित करने से पहले कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि यह डब्ल्यूएफआई के संवैधानिक प्रावधानों और राष्ट्रीय खेल कोड का उल्लंघन करता है जिसमें कहा गया है कि इस तरह की कार्रवाई से पहले कारण बताओ नोटिस देना जरूरी है।

# भारतीय टीम में बड़ा उलटफेर करने के मूड में नहीं चयनकर्ता, पंत-कोहली को मिल सकता है मौका

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के तुरंत बाद अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। इसके लिए भारतीय चयनकर्ता टीम के खिलाड़ियों पर पैनी नजर रख रहे हैं। माना जा रहा है कि भारतीय टीम का चयन आईपीएल में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। ऐसी खबरें आई थी कि चयनकर्ता इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए कुछ कड़े फैसले ले सकते हैं और कुछ बड़े खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बना पाना संभव नहीं होगा। हालांकि रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता टी20 विश्व कप के लिए टीम में फिलहाल बड़े उलटफेर करने के मूड में नहीं हैं। दौड़ में आगे निकले पंत कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल होने के कारण 15 महीने बाद आईपीएल से क्रिकेट के मैदान पर वापसी करने वाले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत टी20 विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने की दौड़ में आगे निकल गए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल के मौजूदा सीजन में उनके प्रदर्शन ने उन्हें अपने प्रतिद्वंद्वियों की तुलना में बढ़त दिला दी है। माना जा रहा है कि भारतीय टीम प्रबंधन इस बात से संतुष्ट है कि पंत भारतीय टीम में वापसी के लिए अब पूरी तरह तैयार है। अगर वह टूनार्मेंट में फ्लॉप नहीं रहे तो पंत टी20 विश्व कप के लिए अमेरिका और वेस्टइंडीज की यात्रा करेंगे। गांगुली ने भी किया था पंत का समर्थन पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली जिन्होंने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड



(बीसीसीआई) अध्यक्ष के तौर पर कई चयन बैठकें की है उनसे जब पूछा गया कि क्या पंत के टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की उम्मीद है? इस पर उन्होंने कहा था कि यह जरूरी है कि पंत को कुछ मैच और खेलें जिससे उन्हें प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में ढलने का और मौका मिलेगा। गांगुली ने कहा था, पंत पूरी तरह फिट हैं और शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। वह विकेट के पीछे और बल्लेबाजी में अपनी भूमिका सही तरह से निभा रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ और मैच खेलने देने की जरूरत है। अगर राष्ट्रीय चयनकर्ता पंत को लेना चाहते हैं तो मैं अगले कुछ सप्ताह में उनके बारे में कुछ बोल सकूंगा। पंत आईपीएल के मौजूदा सीजन में लगा चुके हैं दो अर्धशतक भारतीय टीम में हर स्थान के लिए कई विकल्प मौजूद हैं, लेकिन विकेटकीपिंग के लिए कई दावेदार हैं। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता इस स्थान के लिए किस खिलाड़ी को चुनते हैं। आईपीएल के मौजूदा सीजन में अगर पंत के प्रदर्शन की बात करें तो वह अबतक पांच मैचों में दो अर्धशतक लगा चुके हैं। पंत ने 18, 28, 51, 55 और एक रन की पारियां खेली हैं। करीब 500 से अधिक दिन बाद हो सकती है पंत की वापसी ऋषभ पंत ने भले ही 15 महीने बाद क्रिकेट के मैदान पर वापसी कर ली है, लेकिन भारतीय टीम में उनकी वापसी अभी नहीं हुई है। अगर पंत को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गय तो 500 से अधिक दिनों के बाद वह राष्ट्रीय टीम की जर्सी में दिखाई देंगे। पंत ने भारत के लिए अंतिम मैच मीरपुर में बांग्लादेश के खिलाफ 22 दिसंबर 2022 को खेला था। यह टेस्ट मैच था और इसके बाद ही वह दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कोहली का भी शामिल होना लगभग तय एक नाम जिसे लेकर सबसे ज्यादा चर्चा चल रही है वो है भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का। कुछ रिपोर्ट में बताया गया था कि कोहली टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल नहीं है और उन्हें मनाने का काम मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर को सौंपा गया है। हालांकि कोहली का बल्ला आईपीएल में जमकर चल रहा है और वह अबतक दो अर्धशतक और एक शतक लगा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब यह लगभग तय हो गया है कि कोहली इस वैश्विक टूनार्मेंट के लिए भारतीय टीम में शामिल होंगे। वह आईपीएल के मौजूदा सीजन में पांच मैचों में 316 रन बना चुके हैं।

## ऋतुराज ने बताया उन्हें कब सीएसके की कप्तानी के बारे में बताया गया था

**चेन्नई।** महेंद्र सिंह धोनी की जगह आईपीएल 2024 सीजन के शुरू होने के ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी संभालने वाले ऋतुराज गायकवाड़ ने बताया कि उन्हें धोनी ने टीम की कमान संभालने के लिए तैयार रहने कहा था। ऋतुराज के मुताबिक धोनी ने उनसे 2022 में ही नई जिम्मेदारी के लिए तैयार होने की बात कही थी। ऋतुराज ने कहा कि वह तभी से तैयार थे। दो हार के बाद सीएसके को मिली जीत चेन्नई सुपर किंग्स ने रवींद्र जडेजा और तुषार देशपांडे की शानदार गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की बेहतरीन 58 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से खेली नाबाद 67 रन की पारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया। लगातार दो मैचों में हार के बाद चेन्नई अपने होम ग्राउंड पर जीत की पटरी पर लौटा। 'कप्तानी के बारे में ज्यादा बातचीत नहीं हुई' ऋतुराज ने केकेआर के खिलाफ मिली जीत के बाद कहा, ईमानदारी से



कहूं तो कप्तानी के बारे में ज्यादा गहरी बातचीत नहीं हुई। सिर्फ एक बार बात हुई थी। हम अभ्यास कर रहे थे और धोनी ने मेरे पास आकर यह कहा था। बाहर सभी को लगा होगा कि मैंने उनके जैसे महान खिलाड़ी की जगह ली, लेकिन मेरा मानना है कि मेरी अपनी शैली और अंदाज है। मैं टीम कल्चर को बनाए रखना चाहता हूं। धोनी ने 2022 में मुझसे कहा था कि शायद अगले साल नहीं, लेकिन इसके बाद तुम्हें कप्तानी करनी होगी तो इस जिम्मेदारी के लिए तैयार रहना। मैं उसके बाद से हमेशा तैयार था। मैं पिछले साल भी हर मैच के बाद कोच स्टीफन फ्लेमिंग से कप्तानी के हर पहलू पर बात करता था। टीम में नहीं चाहते कोई बदलाव ऋतुराज से जब पूछा गया कि कप्तान के तौर पर वह टीम में क्या बदलाव लेकर आए। इस पर उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसकी जरूरत है। मैं सीएसके का कल्चर बनाए रखना चाहता हूं। हमने इसके दम पर ही सफलता पाई है तो मैं क्यों कोई बदलाव करूंगा। टीम में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। ऋतुराज ने खेली कप्तानी पारी केकेआर के बल्लेबाज जहां इस मैच में रन बनाने के लिए संघर्ष करते नजर आए, वहीं ऋतुराज ने कप्तानी पारी खेलते हुए चेन्नई को जीत दिलाई। चेन्नई ने अपने शुरूआती दो मैच जीते थे, लेकिन उसे पिछले दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा था। इससे ऋतुराज की कप्तानी पर सवाल उठे रहे थे, लेकिन उन्होंने इस मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर अपने आलोचकों को जवाब दिया। वहीं, ऋतुराज पांच साल में सीएसके के पहले ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने किसी मैच में अर्धशतक जड़ा।

## जोकोविच ने सबसे उम्रदराज नंबर एक खिलाड़ी रोजर फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा



**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरूष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूनार्मेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर हैं जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में इगा स्वियातेक शीर्ष पर, एरिना सबालेंका दूसरे और कोको गॉ तीसरे स्थान पर हैं।

## तेज रफ्तार वाहन ने साइकिल सवार को कुचला ,मौत

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में रावली सुराना मार्ग पर गांव खिमावती गेट के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र निवाड़ी के गांव अमीरपुर गढ़ी निवासी 35 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र जयकिशन गाजियाबाद की प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। सोमवार शाम करीब सात बजे वह अपने गांव लौट रहे थे। रावली रोड पर खिमावती गांव गेट के पास पहुंचे तो किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी।

**नाम परिवर्तन**

मैं अब तक **मोनिका धनगर पुत्री बाबू राम के नाम से जानी जाती थी।** शादी के बाद **मेरे पति मनीष सिंह** निवासी 353 सोम बाजार, एनसीआर हॉस्पिटल, खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201010, के साथ मेरा नाम बदल गया है **अब मुझे मोनिका कौर के नाम से जाना जाएगा।**

## भगवान की भक्ति में डूबे पांड्या ब्रदर्स, 'हरे राम-हरे कृष्ण' की धुन पर नाचे

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और क्रुणाल पांड्या आईपीएल 2024 के बीच घर में पूजा के दौरान भगवान की भक्ति में पूरी तरह डूबे नजर आए। पांड्या ब्रदर्स ने टूनार्मेंट के बीच परिवार को समय देने के लिए कुछ समय का ब्रेक लिया और इस दौरान घर में पूजा रखी। हार्दिक इस सीजन मुंबई इंडियंस की कमान संभाल रहे हैं, जबकि क्रुणाल लखनऊ सुपरजाएंट्स के लिए खेलते हैं और उन्होंने टीम के पिछले मैच में गेंदबाजी से प्रभावित किया था। परिवार के साथ भक्ति करते दिखे हार्दिक और क्रुणाल हार्दिक और क्रुणाल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें दोनों ही खिलाड़ी अपने परिवार के साथ पूजा का आनंद ले रहे हैं।

**निविदा सूचना**

टॉस्क फोर्स 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद के गेट नं0-3 में बनी दुकान को मिल्क डेयरी के लिए दिनांक 01.04.2024 से दिनांक 31.03.2025 तक की अवधि के लिए टेण्डर दिनांक 15 -04-2024 को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जायेंगे। टेण्डर उसी दिन दोपहर बाद खोले जायेंगे। टेण्डर डालने वाले ठेकेदार अधिक जानकारी सेनानायक टास्कफोर्स 47वीं पीएसी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में कर सकते हैं।

पत्रांक व-06/2024 (विविध)

दिनांक 8 अप्रैल 2024

सेनानायक टॉस्क फोर्स
47वीं पीएसी, गाजियाबाद

# प्रथम नवरात्र पर शैलपुत्री की पूजा की

## महामाया देवी मंदिर पर हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु





**मोदीनगर करंट क्राइम।** चैत्र नवरात्रि के पहले नवरात्र पर मां भगवती के शैलपुत्री रूप की पूजा अर्चना की गई। पं. उदय चन्द्र शास्त्री ने बताया कि मां शैलपुत्री सौभाग्य की देवी हैं। उनकी पूजा से सभी सुख प्राप्त होते हैं। पर्वतराज हिमालय के घर पुत्री रूप में उत्पन्न होने के कारण माता का नाम शैलपुत्री पड़ा। माता शैलपुत्री का जन्म शैल या पत्थर से हुआ, इसलिए इनकी पूजा से जीवन में स्थिरता आती है। मां को वृषारूढ़ा, उमा नाम से भी जाना जाता है। उपनिषदों में मां को हेमवती भी कहा गया है। इस साल चैत्र नवरात्रि पर 30 साल के बाद सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग बनने जा रहा है, जो अत्यंत शुभकारी है। इस दौरान मां दुर्गा की आराधना करने से सभी कष्ट और दुखों से मुक्ति मिलती है। पहले दिन महामाया देवी मंदिर में बीस हजार से अधिक श्रद्वालु पहुंचे। गांव सीकरीखुर्द स्थित महामाया देवी मंदिर में मंगलवार को पहले नवरात्र पर प्रसाद चढ़ाने वालों की भीड़ उमड़ी रही। प्रथम दिन ही बीस हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। चुनाव आचार संहिता के चलते इस बार मेले का आयोजन नहीं किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा सिंह व एसीपी ज्ञानप्रकाश राय सहित पालिका के अधिशासी अधिकारी नरेन्द्र मोहन मिश्र आदि ने भी मंदिर का निरीक्षण किया।

### पुलिस व्यवस्था दुरूस्त रही

**करंट क्राइम।** 32 सीसीटीवी के साथ पुलिस व्यवस्था रही दुरूस्त एसीपी ज्ञान प्रकाश राय मंदिर परिसर के आसपास 32 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। इसके अलावा ड्रोन से भी नजर रखी जा रही है। मंदिर परिसर के आसपास आठ सौ पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा एक पीएसी कंपनी को भी अलर्ट पर रखा गया है। उन्होने बताया कि कुछ पुलिस कर्मियों को सादी वर्दी भी तैनात किया गया है।

# राष्ट्रीय जाट महासभा की बैठक में समाज की मजबूती पर चर्चा



**मोदीनगर करंट क्राइम।** राष्ट्रीय जाट महासभा की एक बैठक बैंक कॉलोनी में आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व प्रमुख चौ. अजय पाल ने कहा कि हमें केन्द्र सरकार से जाट आरक्षण की मांग करनी चाहिए, जिससे क्षेत्र में जाट संगठन मजबूत हो सके। इसके लिए प्रदेश सचिव विनोद चौधरी, नगर अध्यक्ष सोहनपाल नेहरा एवं भोजपुर ब्लॉक अध्यक्ष अंकुर नेहरा को अधिकृत किया गया। प्रदेश सचिव विनोद चौधरी ने कहा कि शहीद आजम भगत सिंह को सरकार से शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। नगर अध्यक्ष सोहनपाल नेहरा ने कहा कि मैं अपने समाज को जोड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। भोजपुर ब्लाक अध्यक्ष अंकुर नेहरा ने कहा कि हमारे क्षेत्र के गांव में जो गरीब परिवार बसते हैं, उनको हमारे संगठन से जो भी सहयोग प्राप्त होगा वह हम अपने स्तर से करते रहेंगे। इस अवसर पर जाट समाज के चौ. मनबीर सिंह, चौ. चमन सिंह, ओमबीर सिंह, विपिन मलिक, मुनेष चौधरी, अमरपाल सिंह, विराट सांगवान, रीतिपाल, रनबीर सिंह, ओमकार सिंह, नेत्रपाल स्ंिह, आलोक चौधरी, अरुण चौधरी, ज्ञानसिंह, बवेन्द्र, सुशील दहिया, राहुल नेहरा, मुकुल नेहरा, ओमपाल सिंह, लक्खन नेहरा, आलोक चौधरी, राष्ट्रीय जाट महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अजयपाल, पूर्व प्रमुख जिला अध्यक्ष आनन्द चौधरी व सोहनवीर सिंह जिला उपाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।




### रोचक रहना है अब सीन क्योंकि उनके खास माने जाते हैं वो तीन

गाजियाबाद में लोकसभा का चुनाव भी गजब ही रोचक हो रहा है। फूल वाले तो पहले दिन से ही मार्जिन कैलकुलेट कर रहे हैं और एक धड़ा वो भी है जो पहले दिन से ही विधानसभा की कैलकुलेशन में लगा है। अभी विधानसभा का खटोला खाली नही हुया है मगर दावेदारों का पूरा टोला डेरा डाल कर बैठ गया है। बताने वाले ने बताया कि टिकट में किसकी चलेगी ये तो वक्त बतायेगा लेकिन बताने वाले बता रहे हैं कि रोचक सीन रहने वाला हैं क्योंकि उनके तीन बिजनेस सहयोगी भी टिकट मांग रहे हैं और तीनो ही खुद को सासंद जी के निकट मानते हैं। नदियापार वालों की दावेदारी भी हैं और बिजनेस में भागीदारी भी हैं। बड़ी जिम्मेदारी निभाने वाले भी चाहते हैं कि अब पालिटिक्स में एंट्री हो ही जाये। तीसरा साथी भी पुराना है और उसके अलग ही ठाठ हैं लेकिन खटोला खाली होने से पहले ही उसने भी दावेदारी की खाट बिछा ली है। उनकी डयूटी किसी गैर जिले में लगी थी लेकिन यहां से टिकट होते ही उन्होने अपनी डयूटी गाजियबाद में लगवा ली। पूरे गेम को क्लोज वॉच कर रहे भाजपाई ने कहा कि तीनो ही उनके बिजनेस सहयोगी हैं और तीनो ही नियर डियर हैं । अब यही सीन रोचक रहेगा कि विधानसभा की दावेदारी की बेला में वो इन तीनो में से किसके साथ जायेगें

### फेस पर बता रही हैं लेकिन फेसबुक पर नहीं बताने दे रही हैं

चुनाव वाले चुनाव लड़ रहे हैं और चुनाव लड़ाने वाले चुनाव लड़ा रहे हैं मगर इन सबके बीच वो भी हैं जो पालिटिक्ल चैस खेल रहे हैं। अब ये वो खुद जाने कि झूठ बोल रहें हैं या सच बोल रहे हैं लेकिन बाते बाहर निकल कर आ रही हैं और एक दर्जन भाजपाईनों को कह दिया गया है कि तुम ये बना दी गई हो तुम वो बना दी गई हो। किसी को उपाध्यक्ष बनाने की बात है तो किसी को महामंत्री तो कोई मंत्री बना दी गई हैं। मगर मैटर ये है कि ना तो किसी को लैटर दिया गया और सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि फेस टू फेस तो मैडम ने कह दिया लेकिन साथ ही ये भी कह दिया कि फेसबुक पर कुछ मत डालना अभी। अब11 भाजपाईन हैं और उनमें से कुछ ऐसी हैं कि अगर फेसबुक पर ना बतायें तो पालिटिक्स ही इनकम्लीट लगती है उन्हे। वो परेशान है कि खुद भी सबको नही बता रही हैं और हमें भी नही बताने दे रही है। अगर बने हैं तो भी ठीक और नही बने तो भी ठीक मगर सीन तो स्पष्ट हों कि हम मोर्चा में जुबानी आये हैं या लिस्ट तैयार हो गई है।

### इतनी सी बात पर मंडल प्रभारी ने कर दिया मंडल प्रधान को टाइट

कहने वाले कहते हैं कि वो तो गनीमत ये है कि वो मडंल के प्रभारी है तब उनके कंधो पर इतनी जिम्मेदारी हैं अगर वो जिले के प्रभारी हो जाते तो पता नही किस किस पर भारी हो जाते। फूल वाले तो पहले ही कह रहे थे कि नदियापार वाले उनके जल्दी ही पार पा लेगें और कहेगें कि महाराज हमें बख्श दो। सुना है कि मडंल प्रभारी ने पारी खेलनी शुरू कर दी है। चुनावी दौर में जब अचानक कार्यक्रम बनेगें तब वो हाईकमान को भी कुछ नही मान रहे हैं। मडंल वालों ने मडंल में एक बैठक रख ली और प्रभारी को समय व स्थान की सूचना दे दी। इसी बात पर प्रभारी तुनक गये और मडंल प्रधान से कहा कि अगर मैं दो दिन बाहर हूं तो क्या इसकी जानकारी मुझसे नही लोगे। मडंल प्रधान ने भी बता दिया कि ये तो फरमान ऑफ हाईकमान था साहब। तब मडंल प्रभारी ने कहा कि फरमान हो या हाईकमान हो आप उन्हे भी बताते हैं कि प्रभारी जी आऊट आफ स्टेशन हैं। सुना है कि मडंल वाले अब इन नखरों से अलग ही टेंशन में आ गये हैं। वो कहने वाले हैं कि हमें बख्श दो साहब हमें और भी काम हैं इस मडंल के अलावा।

# नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूटने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार



**मोदीनगर करंट क्राइम।** नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूटने वाले गिरोह के दो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटी गई ई-रिक्शा व अन्य सामान बरामद किया है। बदमाश ई-रिक्शा बुक कर अपने साथ ले जाते थे, और फिर नशीला पदार्थ पिलाकर घटना को अंजाम देते थे।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि 19 मार्च को बदमाश एक चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा चोरी करके ले गए थे। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया था। सूचना मिली कि बदमाश गांव कादराबाद स्थित बंद पडे ईट भट्टे पर हैं और भागने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम वसीम निवासी एक मिनारा मस्जिद तारापुरी मेरठ व शाहनवाज निवासी रसीदनगर थाना लिसाड़ी गेट मेरठ बताया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटी गई ई-रिक्शा भी बरामद कर ली है। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि वह चालक को लालच देकर अच्छे पैसे में ई-रिक्शा बुक करके ले जाते थे। रास्ते में चालक को नशीला पदार्थ पिलाकर ई-रिक्शा लूटकर फरार हो जाते थे।

# मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम





**मोदीनगर करंट क्राइम।** चुनाव आयोग के निर्देश पर स्वीप टीम ने महाविद्यालय के केशव कक्ष में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि से हुआ। तत्पश्चात कार्यक्रम का संचालन करते हुए परिसर दूत एवं कार्यक्रम संयोजक विशाल ने निर्वाचन साक्षरता क्लब के कार्यक्रमों का एक संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. दीपक कुमार अग्रवाल ने युवा मतदाताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर कुछ विद्यार्थियों ने एक नुक्कड़ नाटक का भी मंचन किया। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जिला समाज कल्याण अधिकारी अमरजीत ने युवा मतदाताओं को मतदान करने का महत्व समझाया तथा उनसे मतदान करने एवं कराने का आग्रह किया। इस दौरान पोस्टर प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम भी किया गया। प्रथम पुरस्कार बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा छवि ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में मतदाता शपथ दिलाई गई। धन्यवाद ज्ञापन क्लब की प्रभारी श्रीमती मंजुलता ने किया। कार्यक्रम के दौरान स्वीप टीम से पीयूष राय, डॉ. देवांकुर, श्रीमती आरती वर्मा के अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अमर सिंह कश्यप, डॉ. वैशाली यादव, राजकुमार, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार, रोवर्स प्रभारी मंजीत, डॉ. हिमांशु पांडे, अमित त्यागी ,स्वयंसेवक प्रतिभागियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

### कम्पोजिट विद्यालय से कीमती समान चोरी

**मोदीनगर करंट क्राइम।** कम्पोजिट विद्यालय से बदमाश सोलर पैनल सहित कीमती सामान चोरी करके ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। गांव सारा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में निर्माण कार्य चल रहा है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दर्शन कुमार बंसल ने बताया कि मजदूरों ने सूचना दी कि चोरी हो गई है। जब विद्यालय जाकर देखा तो पता लगा कि बदमाश सोलर पैनल, आठ बैट्रा व यूपीएस चोरी करके ले गए हैं। उन्होने इस संबंध में निवाड़ी थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश के लिए पुलिस टीम का गठन किया है। पुलिस जल्दी ही चोरों को गिरफ्तार करेगी।




### किस ऑफिस में बढ़ा साहब का पारा



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की चुनाव सेल में भी जोड़ घटा का काम हो रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को लाइन वाले चुनाव कार्यालय में एक साहब का बीपी अचानक बढ़ गया था। साहब का बीपी बढ़ा तो उनकी तेज आवाज गेट से बाहर और आसपास के कमरों तक पहुंच रही थी। ऐसा लग रहा था कि साहब किसी पर गुस्सा हैं और काम में लापरवाही को लेकर फटकार लगाई जा रही है। साहब की गुस्से वाली आवाज जब लाइन के इस चुनाव वाले कार्यालय में गूंजी तो इसकी सुगबुगाहट कई जगह तक सुनाई दी। सुनने में आ रहा है कि चुनाव की जिम्मेदारी संभालने वाले साहब एक प्रेसवार्ता से लौटे थे और इसके बाद जब इस रूम में पहुंचे तो उनका मिजाज सख्त हो गया। वह तेज आवाज में फटकारने लगे हालांकि कमरे का जाली वाला गेट बंद था, पर शोर की तेज आवाज बाहर तक सुनाई दे रही थी। वैसे सूत्र बता रहे हैं कि साहब बहुत कूल रहते हैं। उनका स्माइली फेस प्रेसवार्ता में अलग नजर आता है पर कमरे के भीतर का मामला क्या था यह है सिर्फ रहस्य बना हुआ है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्रों ने यह भी बताया है कि सुनने में आया है कि बीते दिनों वह एक निजी कार्यक्रम की पार्टी में अलग अंदाज में थे, वैसे अंदाज शायद अभी सार्वजनकि हुआ हो। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों चुनाव वाले कार्यालय को लेकर कई तरीके के निर्देश और आदेश दिए जा रहे हैं, पर पूर्व के चुनाव में जितना पुलिस एक्टिव वाला मोड़ लेती थी इस बार ऐसा नजारा देखने को नहीं मिल रहा है। वहीं चुनावी आचार संहिता वाले मुकदमे, नगदी से लेकर अन्य एक्टिविटी को लेकर भी अभी वह सीन नहीं नजर आ रहा है, जो चुनावी आचार संहिता के दौरान दिखना चाहिए। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों इस ऑफिस में एक थ्री-स्टार को और यहां के कामकाज के लिए जोड़ा गया है। कहने वाले कह रहे हैं कि या तो पूर्व वाले लोड़ नहीं ले पा रहे थे या मामला कुछ और है जो नए थ्री- स्टार की संख्या पर जोर दिया गया है। वैसे अभी चुनावी सीजन को लेकर बहुत सारी रिहर्सल पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में शेष बताई जा रही हैं पर जिस तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं उसका अलग ही कयास लगाए जा रहे हैं। अब देखना होगा कि साहब का चुनाव कैसा बीतता है।

# चाय विक्रेता के नाम पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का कारोबार

## वित्तीय वर्ष 2019-20 में हुआ 70 लाख का कारोबार



**मोदीनगर करंट क्राइम।** कर माफियाओं ने चाय की दुकान पर काम करने वाले हरीश कुमार के दस्तावजों पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का कारोबार किया। आयकर विभाग से नोटिस मिलने पर युवक सदमे में आ गया। नोटिस कर अधिवक्ता को दिखाया तो मामले की जानकारी लगी। हरीश कुमार ने थाने पहुंचकर मामले की शिकायत की तो पुलिस ने मामला साइबर सेल का बताकर अपना पल्ला झाड़ लिया, घटना से युवक तनाव में है।

गोविन्दपुरी क्षेत्र की डबल स्टोरी कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय हरीश उर्फ डमरू आठ बहन भाइयों में सबसे बड़ा है। हरीश एक चाय की दुकान पर काम करता है। हरीश के पिता राधेश्याम फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। हरीश ने बताया कि होली से लगभग सप्ताह भर पहले डाक द्वारा आयकर विभाग का एक नोटिस उसके घर पहुंचा। इसके 15 दिन बाद दूसरा नोटिस मिला। पहली बार नोटिस मिला तो हरीश ने सोचा कि डाक पर गलत पता लिखने के कारण डाक उसके घर आ गई, मगर जब दोबारा नोटिस मिला तो हरीश सकते में आ गया और उसने नोटिस तहसील में एक अधिवक्ता को दिखाया। इसके बाद हरीश को अपने दस्तावेजों पर फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों का कारोबार करने की जानकारी हुई। वरिष्ठ कर अधिवक्ता अरुण कुमार राघव ने बताया कि नोटिस के अनुसार हरीश के आधार कार्ड और पेन कार्ड का दुरूपयोग कर वित्तीय वर्ष 2019-20 में फर्जी फर्म बनाई गई। उस फर्म में वर्षभर में लगभग 70 लाख रुपए का कारोबार किया गया। वित्तीय वर्ष की रिटर्न भी दाखिल की गई। लगभग एक लाख रुपए का टीडीएस जमा हुआ। टीडीएस और जीएसटी की डिटेल के बाद आयकर विभाग के संज्ञान में मामला आया। इसके बाद आयकर विभाग ने हरीश को नोटिस भेजे। उन्होंने अन्य वित्तीय वर्ष में भी उक्त फर्म पर कारोबार होने की आशंका जताई, जिसका खुलासा जांच के बाद होगा। अरुण राघव का कहना है कि अगर मामले की एफआईआर दर्ज नहीं हुई तो युवक को भारी परेशानी हो सकती है।

### कभी भी गिर सकता है जर्जर विद्युत पोल





**साहिबाबाद,करंट क्राइम।** वसुंधरा सेक्टर 3 चौधरी मार्केट के सामने मकान नम्बर 1119 के बाहर बिजली का खम्भा जीर्ण क्षीर्ण स्थिति में होने के कारण काफी गल चुका है और लगभग गिरने को है। कई बार क्षेत्र के लोगों ने विद्युत विभाग को शिकायत देने के बाद भी विद्युत विभाग द्वारा खम्भा नहीं बदला जा रहा है। अगर विभाग इसी तरह सोया रहा तो कभी भी जान-माल की बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है।

### महिला ने पति के दोस्त पर लगाया दुष्कर्म का आरोप



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी एक महिला ने दादरी निवासी एक युवक पर मनाली में होटल के कमरे में दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि मामला दो साल पुराना है किसी ने इसे पोस्ट कर दिया है। एसीपी मसूरी को मामले की जांच दी गई है। एक कॉलोनी निवासी महिला ने बताया कि उसके पति ने अपने दोस्त के साथ 100 गज का प्लॉट लिया था। प्लॉट को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा है। पति का दोस्त प्लॉट को वापस मांग रहा है और समय समय पर धमकी देता है। महिला ने बताया कि दो साल पहले हम दोनों परिवार घूमने के लिए मनाली गए थे। मनाली में हम एक ही होटल में रुके थे। महिला का आरोप है कि आरोपी ने मेरे पति को कोल्ड ड्रिक्स में नशीला पदार्थ देकर मेरे साथ दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने अपने पिता के साथ मिलकर भी मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता महिला ने शिकायत पत्र में पुलिस अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है । पुलिस अधिकारियों ने इस मामले की जांच एसीपी मसूरी सर्किल को दी है। एसीपी का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। प्रथमदृष्या मामला सम्पत्ति विवाद का लग रहा है।

### गाली देने का विरोध करने पर युवक को पीटा

**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाली देने का विरोध करने पर दंबगों ने एक युवक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

नगर की विजयनगर कॉलोनी निवासी अभिषेक शर्मा रविवार रात को विजयनगर रेलवे फाटक के पास खड़ा हुआ था। इसी बीच अरुण कुमार अपने दो साथियों के साथ आया और गाली देने लगा। जब गाली देने का विरोध किया तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर अभिषेक के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। अभिषेक को इतना पीटा कि वह गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरुण निवासी विजयनगर कॉलोनी व दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संस्कार स्कूल में पांच दिवसीय महोत्सव यूफोरिक का शुभारम्भ







**गाजियाबाद,करंट क्राइम।** संस्कार स्कूल में पांच दिवसीय वार्षिक महोत्सव यूफोरिक का भव्य आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में फार्मेसी, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और आर्किटेक्चर के सभी सेमेस्टर के लगभग 1600 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपना दमखम दिखाया। कार्यक्रम के पहले दिन का उद्घाटन प्रोफेसर डॉ. धर्मेंद्र सिंह निदेशक इंजीनियरिंग, डॉ. बबीता कुमार निदेशक फार्मेसी द्वारा विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत कर किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन तकनीकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उद्घाटन सभी निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं शिक्षकों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगोली, नुक्कड़ नाटक, एकल नृत्य, मिमिक्री, गायन आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल कार्यक्रमों में रस्साकसी, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, लंबी कूद, शतरंज, कैरम, बास्केटबॉल एवं अन्य ऐथलेटिक्स आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। तकनीकी कार्यक्रमों में लेनगेम, बैडविडैड, एक्सटेम्पर, क्रॉसवर्ड पजल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन किया।

# 'पीएम मोदी का धन्यवाद' : हमले में बचे इस्राइली शख्स ने जताया आभार

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल के बीच कई माह से युद्ध जारी है। इसे रुकवाने के लिए हर कोई कोशिश कर रहा है, लेकिन फिर भी जंग थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, सात अक्तूबर के हमले में जिंदा बचे मोरान नाम के शख्स ने भारत और उसके लोगों की तारीफ की है।

दरअसल, उसने चुनौतीपूर्ण समय में भारत द्वारा समर्थन दिए जाने के लिए सराहना की है।



### हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती

इस्राइल का वैश्विक स्तर पर पक्ष रखने में भारत की मुख्य भूमिका को स्वीकारते हुए मोरान ने कहा कि हमारी आवाज हर जगह नहीं हो सकती। हम जानते हैं कि भारतीय लोग हमारी जरूरत की हर चीज का ध्यान रख रहे हैं। उन्होंने भारत के अटूट समर्थन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि सरकार के साथ लोगों का भी बहुत-बहुत धन्यवाद।

### आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा भारत

भारत में इस्राइल के राजदूत नाओर गिलोन का कहना है कि भारत काफी पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ मजबूत रहा है। उन्होंने कहा कि सात अक्तूबर को हमास द्वारा हमला किए जाने के बाद से इस्राइल भारत सरकार के समर्थन की सराहना करता रहा है। इससे कुछ महीने पहले भी गिलोन ने कहा था कि हमास से संघर्ष के बीच इस्राइल को भारतीय लोगों से अविश्वसनीय समर्थन मिला है।

### सात अक्तूबर को हमास ने किया था हमला

बता दें, इस्राइल और हमास के बीच युद्ध लगातार जारी है। हर तरफ चीख-पुकार मची हुई है। सात अक्तूबर से लेकर अब तक 30 हजार से अधिक लोगों की इस संघर्ष में मौत हो चुकी है। वहीं, हमास के बाद इस्राइली सेना भी कार्रवाई करते हुए बिना रुके हमले कर रही है। इस्राइल ने गाजा में जमीन, हवाई, समुद्र समेत सभी यात्राओं पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### भारत इस्राइल का सच्चा दोस्त

मोरन ने कहा, 'सात अक्तूबर से पहले और उसके बाद भी मैं भारतीय समर्थन को लगातार देख रहा हूं। इस समर्थन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पूरे मीडिया को धन्यवाद। हम जानते हैं कि भारत इस्राइल का सच्चा दोस्त है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि यह सिर्फ भारत सरकार नहीं है। भारत के लोगों का भी धन्यवाद, जो हमेशा से हमारे अच्छे दोस्त रहे हैं और बने रहेंगे।'

---

पहले ही दौरे पर शहबाज को सऊदी अरब से झटका, कहा-

# कश्मीर मुद्दे पर भारत से वार्ता करे पाकिस्तान

**जेद्दा।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इन दिनों अपने पहले विदेश दौरे पर हैं। उन्होंने नवाज और इमरान की राह पर चलते हुए अपने पहले विदेश दौरे के लिए सऊदी अरब को चुना। हालांकि कश्मीर मुद्दे को लेकर सऊदी अरब ने शहबाज को करारा झटका दिया है। सऊदी अरब ने साफ किया है कि कश्मीर का मुद्दा भारत और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मुद्दा है। साथ ही उसने पाकिस्तान को यह भी सलाह दी है कि वह नई दिल्ली से बातचीत के लिए इस मुद्दे का हल निकाले। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस ने साझा बयान में अन्य मुद्दों के हल के लिए भी वार्ता के महत्व पर जोर दिया है।

बता दें कि यह साझा बयान शहबाज की यात्रा के क्रम में आया है। सऊदी अरब के कश्मीर को लेकर दिए गए बयान को पाकिस्तान के लिए एक बड़े झटके के रूप में देखा जा रहा है, दरअसल पाकिस्तान यूएन सहित अन्य वैश्विक मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाता रहा है।



वह यूएन के तत्वाधान में जनमत संग्रह का राग भी अलापता रहा है, हालांकि भारत ने हमेशा से ही इसका विरोध किया है और इसे द्विपक्षीय मुद्दा बताया है। नई दिल्ली का लंबे समय से रुख रहा है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच मुद्दा हम दो देशों का है और किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता या हस्तक्षेप का कोई सवाल ही नहीं है।

गौरतलब है कि पांच अगस्त, 2019 को भारत द्वारा कश्मीर में लागू संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू और कश्मीर की विशेष स्थिति को रद्द करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गए थे। भारत के इस फैसले पर पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। साथ ही भारतीय दूत को बाहर कर दिया था।

### विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर हुई चर्चा

साझा बयान में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सऊदी शासक प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच 7 अप्रैल को मक्का के अल-सफा पैलेस में आधिकारिक बैठक के बारे में भी जानकारी दी गई है।

---

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने कहा

# 'इस्राइल-हमास युद्ध से बना मानवीय संकट स्वीकार्य नहीं'




**वाशिंगटन।** संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा है कि इस्राइल-हमास युद्ध की वजह से मानवीय संकट गहरा रहा है और यह बिल्कुल भी स्वीकार्य नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक प्रस्ताव पेश किया गया है, जिसमें रमजान के महीने में इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम की मांग की गई है। भारत ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है और कहा है कि यह एक सकारात्मक कदम है।

### युद्ध को लेकर भारत ने जताई चिंता

प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि गाजा में जारी युद्ध को लेकर हम बेहद चिंतित हैं। इससे क्षेत्र में मानवीय संकट बढ़ रहा है और पूरे क्षेत्र में अस्थिरता आ रही है। उन्होंने कहा कि इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष से बड़े पैमाने पर लोगों की जान गई है, खासकर महिलाओं और बच्चों की। मानवीय संकट स्वीकार्य नहीं है। कंबोज ने कहा कि नई दिल्ली संघर्ष में आम नागरिकों की मौतों की कड़ी निंदा करती है और किसी भी संघर्ष में लोगों की जिंदगियां बचाना बेहद मुश्किल होता है।

### 'आतंकी हमले को सही नहीं ठहराया जा सकता'

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 25 मार्च को इस्राइल हमास के बीच संघर्ष विराम की मांग को लेकर प्रस्ताव लाया गया था।

---

# एक के बाद एक धमाके से दहला बलूचिस्तान

## तीन की मौत, 20 से ज्यादा घायल



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में दो अलग-अलग बम विस्फोट में एक पुलिसकर्मी समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस विस्फोट में अन्य 20 लोग घायल भी हुए हैं। पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी।

### क्वेटा की मस्जिद में बम विस्फोट

पहली घटना में सोमवार क्वेटा जिले के कुचलक इलाके में एक मस्जिद में विस्फोट हुआ। विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ₹जब मस्जिद में धमाका हुआ, तब लोग मगरिब की नवाज अदा कर रहे थे।₹

**ईद से पहले बलूचिस्तान में दो विस्फोट :** दूसरा विस्फोट सोमवार को खुजदार शहर के उमर फारूख चौक में हुआ। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बम विस्फोट तब हुआ जब इलाके में भीड़ थी। महिलाएं और बच्चे यहां ईद की खरीदारी करने आए थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, विस्फोट में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य पांच घायल हुए हैं। उन्होंने आगे बताया कि घटना की जानकारी पाकर पुलिस और कानून प्रवर्तन बल मौके पर पहुंची।

घायलों और शवों को खुजदार टीचिंग अस्पताल में भेज दिया गया है। बम निरोधक दस्ते के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों बम विस्फोट मोटरसाइकिल में आईईडी के

---

सेना प्रमुख ने ईद से पहले दिखाई दरियादिली

# नौ मई को पाकिस्तान में भड़की हिंसा में गिरफ्तार 20 लोगों को किया रिहा

**इस्लामाबाद।** बीते साल नौ मई को हुई हिंसा के मामले में एक नया मोड़ आया है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा में शामिल कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था। इन लोगों को सैन्य अदालतों ने सजा दी थी। हालांकि अब ईद को देखते हुए कम से कम 20 लोगों को रिहा कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर द्वारा माफ किए जाने के बाद इन लोगों को छोड़ा गया है।

इंट्रा-कोर्ट अपील (आईसीए) के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रही थी। छह सदस्यीय पीठ में न्यायमूर्ति अमीनुद्दीन खान, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर, न्यायमूर्ति सयैद हजहर हसन रिजवी, न्यायमूर्ति शाहीद वाहिद, न्यायमूर्ति मुसरत हिलाली और न्यायमूर्ति इरफान सादत खान शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद इन कैदियों को रिहा किया है।



### 28 मार्च को दिया था आदेश

पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान को गिरफ्तार करने के बाद हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में कथित शामिल कई लोगों को गिरफ्तार किया था। अब 103 नागरिकों से जुड़े मुकदमे में नया फैसला आया है। 28 मार्च को हुई पिछली सुनवाई के दौरान, अदालत ने सैन्य अधिकारियों को सशर्त रूप से संदिग्धों के फैसले की घोषणा करने की अनुमति दी थी, जिन्हें ईद त्योहार से पहले रिहा किया जा सकता था।


---

# अदालत से पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को बड़ा झटका

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में इस साल आम चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार को ट्रंप को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। दरअसल, अदालत ने ट्रंप की एक याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि गुप्त धन मामले की सुनवाई की जगह बदली जाए। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के वकीलों ने सोमवार (अमेरिकी समयानुसार) को अदालत से मुकदमे को स्थगित करने का आग्रह किया था, लेकिन जस्टिस लिजबेथ गोंजालेज ने उनकी अपील खारिज कर दी।ट्रंप के वकीलों का कहना था कि वह इस बात पर विचार करना चाहते हैं कि मुकदमे की सुनवाई दूसरी जगह कराई जाए या नहीं। उन्होंने तर्क दिया कि ट्रंप को न्यूयॉर्क में निष्पक्ष जूरी नहीं मिल सकती है। एसोसिएट जस्टिस लिजबेथ गोंजालेज ने सोमवार को ट्रंप की दलीलें सुनने के बाद कहा कि मुकदमे की सुनवाई रोकने का कोई कारण नहीं है।

---

# दादा से मिलने घर पहुंचे पोते ने मां को चाकू मारा



**वाशिंगटन।** अमेरिका से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां 21 साल के एक मेडिकल छात्र पर आरोप है कि उसने अपनी मां की चाकू मारकर हत्या कर दी। इस मामले में एक नई जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि वह अपनी मां से परेशान था, इसलिए उसने उसे मौत के घाट उतार दिया।

### यह बनाई योजना

पोल्क काउंटी शेरिफ के ग्रैडी जुड ने बताया कि फ्लोरिडा के प्री-मेड छात्र इमैनुएल मैनी एस्पिनोजा ने अपनी मां एल्विया एस्पिनोजा से कहा कि वह दादा से मिलना चाहता है। इस पर एस्पिनोजा ने उसे घर पर आने के लिए कहा। मैनी दोपहर करीब दो बजे अपनी मां के घर पहुंचा।

### सीसीटीवी फुटेज जारी

अधिकारी ने एक सीसीटीवी फुटेज जारी किया है, जिसमें देखा जा सकता है कि हमले से थोड़ी देर पहले ही छात्र ने घर में प्रवेश किया था। उन्होंने आगे कहा कि घटना की गंभीरता को देखते हुए ऑडियो रिकॉर्डिंग जारी नहीं कर रहे हैं। हालांकि, महिला को बार-बार मैनी कहते सुना जा सकता है। जबकि छात्र ने इस बारे में कुछ नहीं कहा है।

### कई वार किया हमला

अधिकारी ने बताया कि जब मैनी दरवाजे पर पहुंचा तो वो 'नो चर्च इन द वाइल्ड' गाना सुन रहा था। वहीं दूसरी ओर उसकी मां अपने बेटे को देखने के लिए उत्साहित थी। जैसे ही एस्पिनोजा ने दरवाजा खोला तो उसने उन पर चाकू से हमला करना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जीव विज्ञान कक्षाओं के कारण छात्र अच्छी तरह से जानता था कि चाकू किस जगह पर मारना चाहिए। जांच से सामने आया कि महिला पर कई बार चाकू से वार किया। यहां तक की जब एल्विया एस्पिनोजा खुद को बचाने की कोशिश कर रही थी तब भी छात्र हमला करता रहा। अधिकारी ने कहा कि मैनी ने जब देखा की एल्विया अभी जिंदा है तो उसने उस पर और वार कर दिए।

### छात्र ने कबूला अपराध

अधिकारी ने कहा कि छात्र ने कबूल किया है कि मां को चाकू मारते समय उसके हाथ पर भी चोट लग गई थी। उसने रसोई के सिंक में चोट को साफ किया। वह अपनी मां से नियोस्पोरिन के लिए पूछना चाहता था, लेकिन उसने देखा कि वह मर चुकी थी।

शेरिफ जुड ने पुष्टि की कि मैनी एस्पिनोजा ने घटना के तुरंत बाद आपातकालीन सेवाओं से संपर्क किया। कॉल की एक रिकॉर्डिंग प्रेस को प्रस्तुत की गई, जहां एस्पिनोजा ने कथित तौर पर अपनी मां की मौत में शामिल होने की बात स्वीकार की।

---

फिर बढ़ी पाकिस्तान की मुसीबत

# विश्व बैंक ने लाद दीं कई सख्त शर्तें

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में चौंका देने वाले आर्थिक संकट से उबरने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के साथ जारी बेलआउट वार्ता के बीच, विश्व बैंक ने भी नई शर्तें लादी हैं। विश्व बैंक ने क्षेत्र-आधारित छूट, मालिक-कब्जेदार छूट व अनिवासी छूट जैसी सब्सिडी घटाने समेत संघीय व प्रांतीय खर्चों की एकीकृत राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने का दबाव भी डाला है।

इन्हें पूरा करने पर पाकिस्तान में महंगाई चरम पर होगी।

विश्व बैंक ने इस्लामाबाद को सांविधानिक आदेशों के साथ एक राष्ट्रीय राजकोषीय नीति अपनाने को कहा है। उसने विभिन्न संघीय-प्रांतीय राजस्व एजेंसियों को जीएसटी संग्रह एजेंसी में विलय करने, अगले वित्तीय बजट में कृषि, पूंजीगत लाभ तथा रियल एस्टेट पर प्रभावी ढंग से कर लगाने की शर्तें भी लादी हैं। डॉन न्यूज के मुताबिक, इनके लिए पाकिस्तान को कड़े वित्तीय फैसले लेने होंगे। विश्व बैंक ने पाकिस्तान सरकार को यह भी कहा कि वह संघीय और प्रांतीय स्तरों पर नए राजकोषीय उत्तरदायित्व और ऋण सीमा अधिनियम को लागू करे।




इन सुझावों के आईएमएफ कार्यक्रम का हिस्सा बनने की उम्मीद है, जिस पर पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब अगले सप्ताह वाशिंगटन में विश्व बैंक-आईएमएफ की बैठकों में ऋणदाता के साथ चर्चा करेंगे। बैंक ने फेडरेशन और उसकी संघीय इकाइयों में जीएसटी सामंजस्य पर ठोस प्रगति की मांग रखी है।

---

54 साल बाद सबसे लंबा सूर्यग्रहण

# दोपहर में ही 'अंधेरा', मैक्सिको में पूर्ण सूर्यग्रहण का नजारा

**मैक्सिको।** साल के पहले सूर्य ग्रहण को लेकर खगोल विज्ञान से जुड़े लोगों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। मैक्सिको में सबसे पहले पूर्ण सूर्य ग्रहण देखे जाने की खबर है।

अमेरिका और कनाडा में भी ऐसा नजारा दिखेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यह पूर्ण सूर्य ग्रहण दुर्लभ है। मैक्सिको के स्थानीय समय के मुताबिक सुबह 11:07 बजे पूर्ण सूर्य ग्रहण का नजारा दिखा, यानी सूर्य पूरी तरह ढक गया।

इस कारण मैक्सिको का प्रशांत तट पूरी तरह से अंधेरे के आगोश में समा गया। दिन में रात जैसे मंजर का एहसास होने लगा। गौरतलब है कि खगोलीय घटना सूर्य ग्रहण के दौरान चंद्रमा सूर्य की रोशनी को पूरी तरह अवरुद्ध कर देता है। मैक्सिको के बाद कनाडा के अटलांटिक तट और अमेरिका में भी पूर्ण सूर्य ग्रहण देखा जा सकेगा। यह नजारा लाखों लोग देखेंगे। साल 2024 का पहला सूर्य ग्रहण शुरू हो चुका है।

---

# मोजांबिक द्वीप के पास नाव पलटी; 97 लोगों की मौत, 12 रेस्क्यू किए

**मापुटो।** मोजांबिक के तट पर क्षमता से अधिक भरी एक नाव पटलने से 97 लोगों की मौत हो गई। यह घटना रविवार रात की है। मोजांबिक के उत्तरी प्रांत नामपुला के प्रशासक सिल्विरो नौआइतो ने बताया कि नाव में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे मौजूद थे, जो उत्तरी लुंगा जिले से मोजांबिक द्वीप के पास जा रहे थे।

**हैजा की गलत सूचना पाकर भागने लगे लोग :** सिल्विरो नौआइतो ने बताया कि हैजा फैलने की गलत सूचना के कारण 130 यात्री स्वास्थ्य देखभाल के लिए दूसरे जगहों पर भाग रहे थे। उन्होंने बताया कि अबतक 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया है।

---

# पिछले 10 महीनों में गर्मी ने बनाए नए रिकॉर्ड

## इस बार दुनिया ने सबसे गर्म मार्च महीना अनुभव किया

**ब्रुसेल्स।** दुनिया भर के देशों में पहले से ही अनियमित जलवायु घटनाएं देखी जा रही हैं। जैसे-जैसे ग्लोबल वार्मिंग में बढ़ोतरी हो रही है, इसके ऐतिहासिक रिकॉर्ड तोड़ने का खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, यूरोपीय संघ की जलवायु परिवर्तन निगरानी सेवा का दावा है कि पिछले 10 महीनों में गर्मी ने वैश्विक स्तर पर नए-नए रिकॉर्ड बनाए हैं। हर महीने एक नया तापमान रिकॉर्ड बनाया गया है। वहीं, इस बार दुनिया ने सबसे गर्म मार्च का अनुभव किया।




### पिछले 10 माह ने तोड़े सभी रिकॉर्ड

यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी3एस) के अनुसार, पिछले 10 माह ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये दुनिया के सबसे गर्म महीने रहे हैं। इसके अलावा, मार्च के साथ समाप्त होने वाले 12 महीने भी सबसे गर्म दर्ज किए गए हैं। अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक वैश्विक औसत तापमान 1850-1900 पूर्व-औद्योगिक अवधि में औसत से 1.58 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

### हमारी जलवायु तेजी से बदल रही

सी3एस के उप निदेशक समान्था बर्गेस ने कहा, 'यह रिकॉर्ड सामान्य नहीं हैं। इसने हमें बहुत चिंतित किया है। महीने में और महीने के बाद इस तरह के रिकॉर्ड देखना वास्तव में हमें दिखाता है कि हमारी जलवायु तेजी से बदल रही है।'

### 1850 के बाद से 2023 सबसे गर्म साल

उन्होंने कहा कि 1940 से लेकर अबतक के आंकड़ों की जांच की गई। इससे पता चला की इतने वर्षों में इस साल का मार्च सबसे गर्म था। जबकि वैश्विक स्तर पर 1850 के बाद से 2023 सबसे गर्म साल था। इस वर्ष चरम मौसम और असाधारण तापमान देखा गया है।

### गर्मी का कारण


अमेजन के जगल में बारिश नहीं होने के कारण सूखे की स्थिति रही। वहीं, जनवरी-मार्च से वेनेजुएला में जंगल में लगी आग ने रिकॉर्ड तोड़ने का काम किया। जबकि दक्षिणी अफ्रीका में सूखे ने फसलों को मिटा दिया और लाखों लोगों को भूख का सामना करना पड़ा। सी3एस ने कहा कि तेजी से बढ़ती गर्मी के पीछे का कारण मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस हैं। तापमान को बढ़ाने वाले अन्य कारकों में अल नीनो शामिल है। अल नीनो दिसंबर-जनवरी में चरम पर था और अब कमजोर हो रहा है।

---

चीन ने अमेरिका पर लगाए आरोप

# हमारे छात्रों को जबरदस्ती देश से निकाला गया

**बीजिंग।** चीन और अमेरिका के बीच एक बार फिर से रिश्तों में तल्खी देखी जा रही है। चीन ने अमेरिका पर चीनी छात्रों को बिना किसी सबूत के जबरन निर्वासित करने का आरोप लगाया है। इस बारे में चीन ने अमेरिका को जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि अमेरिका द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किा जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने बिना किसी वैध सबूत के, मनमाने तरीके से चीनी छात्रों के वीजा रद्द कर दिए, उनके अमेरिका में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया और उन्हें जबरन निर्वासित कर दिया।



**चीन ने दी सख्त कार्रवाई की चेतावनी :** माओ ने कहा कि अमेरिका के इस कदम की वजह से उन छात्रों को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि अमेरिका के अधिकारी चीनी कर्मियों को निर्वासित करने के लिए बहाने बनाने पर आमादा हैं। ये पूरी तरह से भेदभावपूर्ण और राजनीति से प्रेरित लगता है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमारे नागरिकों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए चीन द्वारा सख्त कदम उठाया जाएगा। अमेरिका को तुरंत इस तरह के उत्पीड़न को बंद करना होगा।

# सपनावत स्थित माता वैष्णो धाम मंदिर में चैत्र नवरात्रों पर मेले का शुभारंभ

## मंदिर समिति के चेयरमैन संजीव गुप्ता व राजीव गुप्ता ने परिवार सहित चढ़ाया माता रानी को चोला













**प्रथम दिन दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हापुड़ के सपनावत स्थित माता वैष्णो धाम पर चैत्र नवरात्रों के प्रथम दिन से नौ दिवसीय मेले का शुभारंभ बहुत ही भव्यता के साथ शुरू हो चुका है। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन माता रानी के दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर मां वैष्णो धाम मंदिर को फूल मालाओं व लाइटों सहित रंग बिरंगी चुनरी व गुब्बारों से सजाया गया। मंदिर के आसपास प्रात:काल से ही पूजा सामग्री, प्रसाद व ग्रामीण जरूरतों की दुकानों से मंदिर क्षेत्र में मेले की रौनक शुरू हो गई। मंदिर समिति के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता व अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने परिवार सहित माता रानी की पूजा अर्चना करके माता रानी को चोला चढ़ाने के पश्चात, माँ वैष्णो धाम के संस्थापक स्वर्गीय प्रेमचंद गुप्ता व संतोष देवी को भी अंगवस्त्र भेंट कर माल्यार्पण किया। मेले के प्रथम दिन माता वैष्णो धाम की सुप्रसिद्ध गुफा के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ सी मची रही। भीड़ के कारण स्थानीय प्रशासन को भी व्यवस्था बनाए रखने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ी।

# डॉली शर्मा ने मुरादनगर में किया अपने चुनाव कार्यालय का उद्घाटन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को शिवशक्ति फार्महाउस, उखलारसी, मुरादनगर में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के चुनाव कार्यालय का विधिवत उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हुए हवन-पूजन के साथ हुई। हवन में प्रत्याशी डॉली शर्मा और नरेंद्र भारद्वाज पूर्व महानगर अध्यक्ष व क्षेत्र के नागरिकों ने अपनी अपनी आहुति दी और डॉली शर्मा को विजयी बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन, समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सचिन शर्मा, शिवसेना के जिलाध्यक्ष महेश आहूजा के अलावा गठबंधन दलों के पदाधिकारी एवं क्षेत्र के नागरिक भी मौजूद रहे।

कांग्रेस नेताओं में पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी, पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, डॉ. संजीव शर्मा, किसान नेता पूनम पंडित, अरुण पंडित, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष संगीता त्यागी, महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सोनल नागर, देवदत्त त्यागी, जयभगवान बंसल, अलीमुद्दीन कस्सार, नसीम खान, ऋषिपाल धींगान, नरेशपाल कौशिक, राहुल शर्मा, विशेष त्यागी आदि भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक आशु मलिक, नूर हसन मलिक, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, विकास यादव, जिला पंचायत सदस्य, फारुख चौधरी, पूर्व प्रदेश सचिव, परवेज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष, नितिन त्यागी, जिला महासचिव, आकाश अग्रवाल, मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष रश्मि चौधरी, महिला जिलाध्यक्ष प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता धीरज गुर्जर ने की।

# बिहारी पूर्वांचल प्रवासी विकास महासंघ ने दिया गठबंधन प्रत्याशी डॉली शर्मा को समर्थन

## गाजियाबाद के विकास में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** टीएचए स्थित सन साइन होटल कौशाम्बी के सभागार में बिहारी पूर्वांचल प्रवासी विकास महासंघ की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नेपाल के पूर्व सांसद और खोड़ा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य केदार नंदन चौधरी ने की। बैठक में गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा को समर्थन देने का ऐलान किया गया और उनके जनसेवा भाव की सराहना की गई।

बैठक के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर के विकास में मेहनतकश पूर्वांचल भाइयों का बहुत बड़ा योगदान है, इसलिए उन्हें अपमानित करने वालों को, तरह तरह से धमकाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनकी संस्कृति की कद्र की जाएगी और गाजियाबाद में भी उसे प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने शहर विधायक रहे भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग द्वारा एक छठ घाट पर बुल्डोजर चलवाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि ऐसी शर्मनाक कार्रवाई अब गाजियाबाद में नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भेदभाव पूर्ण सियासत से सदा परहेज करती आई है। उसकी कोशिश रहती है कि सभी लोग अमन चैन से रहें, जीवन यापन करें। इसलिए इस राह में बाधक बन रही भाजपा को उखाड़ फेंकें और काँग्रेस के लोक कल्याणकारी हाथ के साथ चलें। उन्होंने कहा कि जब आपका साथ मिलेगा तो मैं संसद में जाऊंगी और वहां भी आपकी आवाज बुलंद करूंगी। इतना ही नहीं दिल्ली-एनसीआर से बुद्ध भूमि बिहार तक आपके समग्र विकास और उत्थान की लड़ाई लड़ूंगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री नरेंद्र त्यागी ने कहा कि पूर्वांचल के लोग जब गाजियाबाद से डॉली शर्मा को सांसद बनाएंगे तो साहिबाबाद का अगला विधायक भी आपके पूर्वांचल समाज से ही होगा। इस मौके पर काँग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि गाजियाबाद के विकास में कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इस जिले का गठन ही कांग्रेस के मुख्यमंत्री नारायण दत्त तिवारी ने किया है, जो मेरे राजनीतिक अभिभावकों में से एक थे। इस शहर के विकास के लिए हम लोग पिछले 40-45 साल से संघर्षरत हैं। इस मौके पर शम्भू शरण, रविन्द्र त्यागी, दयानंद मिश्रा, अमित किशोर आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मुरादनगर के तीन सभासदों ने थामा भाजपा का दामन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुरादनगर के तीन सभासदों समेत कई लोगों ने मंगलवार को नवयुग मार्केट स्थित भाजपा के चुनाव कार्यालय पर भाजपा का दामन थाम लिया। ग्रहण की तथा मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के अभियान में अपनी सहभागिता की प्रबल इच्छा जताई। भाजपा का दामन थामने वालों में वार्ड एक से सभासद नितिन जाटव वार्ड 16 से सभासद अंशुल रस्तोगी वार्ड 20 से सभासद दीपक शर्मा आदि सैकड़ों समर्थक रहे। सभासदों को मुरादनगर विधानसभा के विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अरविंद भारतीय ने पटका पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। इस दौरान महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल संजीव गुप्ता, सुनील यादव, बॉबी त्यागी, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, नितिन गोयल आदि मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि हमें तो ठीक नहीं लग रहे हैं अपने कमिश्नरी के भविष्य के हालात? सुना है पोयट वाली सिटी के कमिश्नरी को नहीं मिले थे पीएम के रोड शो वाले पास? कहने वाले ने कहा कि अगर इसी तरह हमारे कमिश्नर पड़ेंगे कमजोर तो यहां पर फिर कार्यकर्ता तलाशने लगेंगे दूसरा ही छोर? अगर पास जैसी व्यवस्था भी नहीं होगी इनके पास? तो कैसे अपनी कमिश्नरी को चला पाएंगे ठाकुर साहब?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि यूं तो देने वाले दे रहे हैं एक विपक्ष के ब्राह्मण नेता को पार्टी में शामिल न करने को लेकर बड़े-बड़े तर्क? कह रहे हैं कि वो रालोद में राजनीति कर रहे हैं? अगर हम उनको भाजपा में ले लेंगे तो पड़ेगा गठबंधन की गांठ में फर्क? कहने वाले ने कहा, क्या भगवा वाले अलग-अलग चेहरों को लेकर बना रहे हैं अलग-अलग योजना? सुना है जिन जाटव जी को उन्होंने लखनऊ में भगवा किया है? उनके पास थी नल वाले सिस्टम की एससीएसटी वाली जिम्मेदारी? गजब की लग रही है हमें भगवा वालों की इस मामले में रायशुमारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर आपको हमारी बात पर न हो रहा हो यकीन तो आप जाटव जी के घर के गेट का देख सकते हैं सीन? उन्होंने हटा दिया है घर के बाहर के बोर्ड से एससी-एसटी प्रकोष्ठ के नल वाला पद? अब उन्होंने बोर्ड पर भाजपा नेता लिख दिया है? यह बात बिल्कुल भी अफवाह नहीं है बल्कि है सोलह आने सच?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि पूरी शीतलता से इस वक्त मैडम चौधरी दिख रही हैं पूर्व वाले बड़े चौधरी साहब से नाराज? सुना है उन्होंने बड़े साहब को दो बार कॉल किया? मगर बड़े वाले चौधरी साहब ने नहीं दिया पलटकर जवाब? कहने वाले कहा कि पार्टी के बड़े नेताओं को रखना चाहिए कार्यकर्ताओं के भी फोन का ध्यान? अगर बड़े चौधरी साहब कॉल बैक कर लेते तो उनका क्या बिगड़ जाता श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बहुत दिन बाद हुआ मुझे सुखद एहसास ? जब मैंने भगवा महान मंत्री और कमांडर को देखा एक साथ ? मैंने देखा दोनों मिलकर कर रहे थे बूथ सम्मेलन कराने के एक साथ विचार ? मैं इस दृश्य को देखकर बहुत ज्यादा हैरान था? क्योंकि इस तरह के नजारे नहीं दिखाई देते है बार बार ? दोनों को एक दूसरे के साथ शिद्दत से बातचीत करते हुए देखकर हुआ मुझे ये अहसास ? महसूस हो रहा था अब दोनों के बीच ठीक हो गई है बात ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने गोयल साहब के मंच को लेकर छापा था सवाल ? मैंने देखा,इधर प्रश्न छापा, उधर भगवा सिंगल के शब्द निकल आये उन के मुख से बाहर ? उन्होंने कहा ह्र गोयल साहब के मंच वाले मामले को लेकर उड़ाने वाले उड़ा रहे है नैगिटिव वाली अफवाह ? उनके मंच को लेकर दिखाई थी मैंने पूरी तरह वफा ? मंच की परमिशन का तो नहीं था कही से लेकर कही तक कोई सवाल ? बस पुलिस वाले चाहते थे कि मंच का छोटा कर लिया जाये आकार ? मैं इस मुहिम मुहिम में पूरी तरह था गोयल साहब के साथ ? बाक ी जो कुछ सुनाई दे रहा है, वो सब है बकवास ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि अब नहीं रही लाइन पार के दो ओबीसी चेहरों के बीच संबंध दिखाने वाली मजबूरियाँ ? भले ही ये दोनों कुछ भी खुलकर ना बोलें ? मगर हमे पता चला है कि दोनों के बीच बड़ गई है काफी दूरियाँ ? हमे क्या पता था कि हमे दिखाई देगा कभी ऐसा भी वक्त ? एक टिकट के चक्कर में नजर नहीं आयेंगे दोनों एक दूसरे के निकट ? गागर में सागर भरने वाले नागर जी और रेड फेस मैन के बीच कभी ऐसे भी बनेंगे हालत ? कसम लाइन पार की समस्याओं की, हमने कभी ऐसा नहीं सोचा था साहब ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि गोविंद वाले एरिया के बबलू भैया का कभी नहीं देखा हमने पहले ऐसा किरदार ? जो छोटे छोटे चुनावों में उठा दिया करते थे धुआँ ? सुना है लोकसभा जैसे बड़े चुनाव में नहीं निकल कर आ रहे है वो बाहर ? उन्होंने चुनावों से बना ली है इस बार बड़ी वाली दूरी ? अब ये बलिदान बिरादरी फैक्टर को लेकर है ? या फिर बबलू भैया की है कोई और भी मजबूरी ? कुछ तो बड़ी बात है, जो बना गये वो माननीय जी के कार्यक्रम से भी दूरी ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि लगता है महिम भैया ने अपना गुस्सा कर लिया है महीन ? तभी तो नहीं घटा है अभी तक कोई क्रांतिकारी सीन ? सुना है पीएम के रोड शो के बाद, उन्होंने कुछ बदला लेने वाले शब्दों के साथ फेस बुक पर भरी थी क्रांतिकारी हुंकार ? मगर जब से भरी है उन्होंने हुंकार ? तब से नहीं घटी है कोई घटना ? या तो गुप्ता जी ने इस जंग में पीछे खींच लिया है अपने कदम ? या बदल दी है चुनाव तक उन्होंने अपनी योजना ?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने किसाइकिल वाले यादव जी को बड़ा रखना चाहिए अपना दिल ? चुनाव के समय तो बड़े से बड़े गिले शिकवे दूर कर लिये जाते है ? मगर उन्होंने ने समझौते के नाम पर अपनी जुबान ली है सिल ? अगर खत्म ही नहीं होगा दोतरफा विवाद ? तो इससे चुनाव में संदेश जाएगा खराब ? बड़े पद पर रहते हुए हो जाती है तमाम तरह की बात ? दिल बड़ा करके आगे बड़ जाना ही देता है भविष्य में सुलझी हुई राजनीति का स्वाद ? जो भी हो, दोनों पक्षों के विवाद में हो रहा है प्रत्याशी का चुनाव खराब ?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आस्था, श्रद्धा ,भक्ति का मेला है। चैत्र नवरात्र में प्रथम नवरात्र पर मां वैष्णो देवी दर्शन के लिए पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी के साथ ये टोली रवाना हुई। इस पल को मनोज भाटी ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। मां वैष्णो देवी यात्रा की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।